संस्थापक- संपादक
स्व. आर. एस. शुक्ला

15वें वर्ष में प्रवेश

दैनिक दैनन्दिनी.

◆ वर्ष-15 ◆अंक-061 ◆ रायपुर, गुरुवार 1 अगस्त 2024 ◆रायपुर और बिलासपुर से एक साथ प्रकाशित ◆ CHHHIN/2010/34274 ◆ पृष्ठ-08 मूल्य-1.50 रुपए

## आज का पंचांग



| | |
|---|---|
| तिथि | द्वादशी |
| नक्षत्र | मृगशीर्षा |
| प्रथम करण | तैतिल |
| द्वितीय करण | गारा |
| पक्ष | कृष्ण |
| वार | गुरुवार |
| योग | व्याघात |
| सूर्योदय | 05.44 |
| सूर्यास्त | 19.03 |
| चंद्रमा | मिथुन |
| राहुकाल | 14.03 15.43 |
| विक्रमी संवत | 2081 |
| शक संवत | 1946 |
| मास | श्रावण |
| शुभ मुहूर्त | अभिजीत |

# मुख्यमंत्री साय प्रदेश की 70 लाख माता-बहनों को आज देंगे रक्षाबंधन का तोहफा

## महतारी वंदन योजना की 6 वीं किश्त में महिलाओं को मिलेगी एक-एक हजार रूपए की राशि

### 3061 महिला स्व-सहायता समूहों को वितरित करेंगे 100 करोड़ रूपए का ऋण

### बस्तर जिले को 9.31 करोड़ के विकास कार्यों की देंगे सौगात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जगदलपुर प्रवास के दौरान 01 अगस्त को वहां आयोजित जिला स्तरीय महिला सम्मेलन में शामिल होंगे और प्रदेश की महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत 1000-1000 रूपए की 6 वीं किश्त जारी कर राखी त्यौहार का उपहार देंगे। इस मौके पर वे महतारी वंदन एप का भी शुभारंभ करेंगे।

गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश की लगभग 70 लाख विवाहित महिलाओं को उनके आर्थिक सशक्तिकरण के मद्देनजर राज्य सरकार द्वारा हर माह एक-एक हजार रूपए की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की जाती है।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री साय 3061 महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक गतिविधियों के संचालन के लिए वित्तीय समावेशन के तहत 100 करोड़ का बैंक लोन का भी वितरित करेंगे। कार्यक्रम में शहीद गुण्डाधूर की प्रतिमा के माल्यार्पण के साथ ही नारी शक्ति से जल शक्ति रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करेंगे।

**एक पेड़ माँ के नाम-** मुख्यमंत्री श्री साय एक पेड़ माँ के नाम महावृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस मौके पर महतारी वंदन योजना के हितग्राही के साथ ही उद्योग विभाग, श्रम विभाग सहित अन्य विभाग के हितग्राहियों को भी सामग्री वितरण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर एक पेड़ मां के नाम का वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया है।

इस अभियान के अंतर्गत देश में सितम्बर 2024 तक 80 करोड़ एवं मार्च 2025 तक 140 करोड़ वृक्षों के रोपण का लक्ष्य है। एक पेड़ मां के नाम महावृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य में 2 करोड़ 75 लाख पौधों का रोपण एंव वन विभाग द्वारा वन एवं वनेत्तर क्षेत्रों में 03 करोड़ 95 लाख 85 हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है।

### महतारी वंदन एप का शुभारंभ

महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन को और सुदृढ़ बनाने के लिए महतारी वंदन मोबाईल ऐप का भी शुभारंभ किया जा रहा है। इस एप के माध्यम से हितग्राहियों को प्रतिमाह हुए भुगतान और यह राशि किस खाते में प्राप्त हुई है की जानकारी आसानी से मिल सकेगी। महतारी वंदन योजना के किसी हितग्राही की असामायिक मृत्यु हो जाती है तो इसकी सूचना भी इसी मोबाईल ऐप के माध्यम से दी जा सकती है। इस एप के जरिए शिकायतें भेजी जा सकती है तथा निराकरण की स्थिति भी देखी जा सकती है। यदि किसी हितग्राही को उसे प्राप्त हो रहे लाभ त्याग करना हो तो भी मोबाईल ऐप के माध्यम से लाभ त्याग कर सकेगी। इसके अलावा शासन द्वारा योजनांतर्गत समय-समय जारी होने वाले दिशा-निर्देशों की सूचना भी इसी मोबाईल ऐप के माध्यम से हितग्राहियों को प्राप्त हो सकेंगी। महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की सुविधा के लिए बनाया गया यह मोबाईल ऐप एन्ड्रायड बेस है तथा इसे प्लेस्टोर से https://play.google.com/store/apps/details/id%w®com -mahtarivandanyojan डाउनलोड किया जा सकता है।

### विकास कार्यो का लोकार्पण

मुख्यमंत्री साय जगदलपुर में 9 करोड़ 31 लाख से अधिक राशि के विकास कार्यों लोकार्पण करेंगे। इनमें 48.03 लाख की लागत से अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय जगदलपुर, तोकापाल और लोहांडीगुड़ा तथा 66.49 लाख की लागत से नवीन तहसील कार्यालय जगदलपुर का जीर्णोद्धार के साथ 2.50-2.50 करोड़ की लागत से निर्मित लोहांडीगुड़ा और बुरगुम थाना का शामिल हैं। इसी प्रकार जिला अस्पताल (महारानी अस्पताल) परिसर में डीएमएफटी मद के तहत 01 करोड़ 72 लाख 76 हजार की लागत से स्थापित माडुलर किचन एवं सामग्री युक्त अन्नपूर्णा रसोईघर का लोकार्पण किया जाएगा। साथ ही महारानी लक्ष्मी बाई अस्पताल परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का भी शुभारंभ किया जाएगा।



## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने असम के मुख्यमंत्री सरमा से की मुलाकात

**रायपुर।** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज असम के मुख्यमंत्री हिमन्त बिस्वा सरमा से उनके निवास कार्यालय, असम में सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा सरमा के नेतृत्व में असम शांति, विकास और समृद्धि के मार्ग पर अग्रसर है।

## विजयन ने केंद्र के दावे को बताया आधारहीन, शाह के संसद में दिए गए बयान का किया खंडन

**वायनाड।** केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन से भारी तबाही मची है। लोगों की मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच अब आपदा को लेकर राजनीति भी गरमाने लगी है। दरअसल, केरल के मुख्यमंत्री ने गृह मंत्री अमित शाह के दावे को आधारहीन करार दिया है। इससे पहले संसद में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दावा किया था कि केरल सरकार में पूर्व में दी गई चेतावनी पर ध्यान नहीं दिया। सीएम पिनरई विजयन ने कहा कि वायनाड जिले में भूस्खलन से पहले ही भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) द्वारा भारी बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था। जिले में 572 मिलिमीटर बारिश दर्ज की गई, जो कि आईएमडी की भविष्यवाणी से कई अधिक थी। केरल के मुख्यमंत्री ने कहा, 'आपदा प्रभावित क्षेत्रों क लिए आईएमडी ने पहले ही ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया था। बताया गया था कि 115 से 204 मिलिमीटर के बीच बारिश हो सकती है। असल में इससे अधिक बारिश दर्ज की गई है।

# लोकसभा में बृजमोहन ने देश में कोयला उत्पादन बढ़ाने व आयात कम करने पर उठाए सवाल

## कोयला एवं खान मंत्री रेड्डी ने दिया जवाब




**रायपुर।** देश में कोयले का घरेलू उत्पाद बढ़ाने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए कोयला मंत्रालय लगातार कार्य कर रहा है। लोकसभा में रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के सवाल पर कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने बुधवार को यह जानकारी दी है। जिसके मुताबिक कोयला आयात को प्रतिस्थापित करने के लिए सरकार द्वारा कई उपाय किए गए हैं।

2020 में शुरू की गई गैर-विनियमित क्षेत्र (एनआरएस) लिंकेज नीलामी नीति में संशोधन के साथ, एनआरएस लिंकेज नीलामी में कोकिंग कोल लिंकेज की अवधि को 30 साल तक की अवधि के लिए संशोधित किया गया है। शक्ति नीति के संशोधित प्रावधानों के अंतर्गत विद्युत संयंत्रों को अल्पावधि के लिए पेशकश की गई कोयले तथा एनआरएस लिंकेज नीलामी में 30 वर्ष तक की अवधि के लिए कोकिंग कोल लिंकेज की अवधि में वृद्धि से कोयला आयात प्रतिस्थापन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावना है।

सरकार ने वर्ष 2022 में निर्णय लिया है कि कोयला कंपनियों द्वारा विद्युत क्षेत्र के सभी मौजूदा लिंकेज धारकों की पूर्ण पीपीए आवश्यकता को पूरा करने के लिए कोयला उपलब्ध कराया जाएगा। विद्युत क्षेत्र के लिंकेज धारकों की पूर्ण पीपीए आवश्यकता को पूरा करने के सरकार के निर्णय से आयात पर निर्भरता कम होगी। कोयला आयात प्रतिस्थापन के उद्देश्य से कोयला मंत्रालय में एक अंतर- मंत्रालयी समिति (आईएमसी) का गठन किया गया है। जिसमे विद्युत मंत्रालय, रेल मंत्रालय, नौवहन, वाणिज्य , इस्पात, खान मंत्रालय, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग मंत्रालय, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण, कोयला कंपनियों और बंदरगाही के प्रतिनिधि इस आईएममी के सदस्य है। आईएमसी के निर्देशों पर कोयला मंत्रालय द्वारा एक आयात डाटा प्रणाली विकसित की गई है ताकि मंत्रालय कोयले के आयात का पता लगा सके। कोयले की और अधिक घरेलू आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास किए जाते हैं।

## 50 हज़ार युवा बताएँगे रायपुर विकसित व आधुनिक शहर कैसे बने

### सांसद बृजमोहन युवाओं से करेंगे सीधा संवाद, 100 कॉलेजों में नया भारत उत्सव का आयोजन

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के 10 वर्ष पूर्ण होने पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के 100 से अधिक कॉलेजों में नया भारत उत्सव मनाया जा रहा है। रायपुर लोकसभा देश का पहला लोकसभा क्षेत्र हैं जहां प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के 10 वर्ष पूर्ण होने पर इतने बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नया भारत उत्सव कार्यक्रम के संयोजक दानसिंह देवांगन ने बताया कि 9 जून 2024 को प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल के 10 वर्ष पूर्ण हुए। इस अवसर पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के केंद्रीय शैक्षणिक संस्थाओं एनआईटी,आईआईएम, ट्रिपल आईटी सहित राज्य सरकार के 100 कॉलेजो में एक प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं से सवाल किया गया है।

# विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कृषि मंत्री ने नवा रायपुर के शासकीय आवास एम-5 में किया गृह प्रवेश







### राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित मंत्रिमंडल के सदस्य, विधायकों ने दी बधाई

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा आदिम जाति विकास मंत्री राम विचार नेताम आज शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अटल नगर नवा रायपुर स्थित नवीन शासकीय आवास एम-5 में गृह प्रवेश किया। मंत्री रामविचार नेताम को इस मांगलिक अवसर पर नवा रायपुर पहुंचकर बधाई देने वालों में महामहिम राज्यपाल रामेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, अरुण साव तथा मंत्रीगण, सांसद, विधायकगण, पूर्व मंत्रीगण शामिल रहे। राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शासकीय आवास में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण किया। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्रियों के लिए दो-दो एकड़ में अटल नगर नवा रायपुर के सेक्टर 24 में शासकीय आवास निर्मित है। मंत्रियों के इस भव्य शासकीय आवास में कार्यालय, आगंतुकों के लिए बैठने की व्यवस्था, पार्किंग आदि की व्यवस्था सहित सर्वसुविधा युक्त भव्य आवास निर्मित है। मंत्री नेताम के निवास के गृह प्रवेश के शुभ अवसर पर मंत्रिमंडल के सदस्यगणों, विधायकगण, विभिन्न सामाजिक संगठन, अधिकारीगण सहित बड़ी संख्या में प्रदेशवासियों ने मंत्री नेताम और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा नेताम को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। सरल सहज स्वभाव के मंत्री नेताम से मिलकर बधाई देने पहुंचे लोगों में गजब का उत्साह रहा। क्षेत्र के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचे।



**रायपुर।** राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम को नवा रायपुर में आबंटित शासकीय आवास में आयोजित गृह प्रवेश कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने नेताम को नए आवास में प्रवेश के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर धरसींवा विधायक अनुज शर्मा भी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ में स्टील उद्योगों को छूट की रहस्यमय कहानी

**रायपुर।** सरकारें जब किसी उद्योग को जब कोई रियायत, छूट या सब्सिडी देती हैं तो उनका प्रमुख उद्देश्य यह होता है कि उत्पादन बढे और इसका अंतिम लाभ आम जनता को वह वस्तु सस्ती दरों पर उपलब्ध हो सके लेकिन छत्तीसगढ़ में विगत 4 वर्षों में उल्टी गंगा ही बहाई गई। विगत 5 वर्षों के आंकड़ों को देखा जाए तो इस मामले में बड़ी विरोधाभाषी तस्वीर नजर आती है। स्टील उत्पादकों ने उत्पादन तो बढ़ाया लेकिन दाम कम होने की बजाय बढ़ते चले गये। वर्ष 2018-19 में जहां 100 मिलियन टन उत्पादन पूरे देश में हुआ था और दर 33,833 रु. प्रति टन थी जो वर्ष 2022-23 में बढ़कर 53,036 रु. प्रति टन हो गई। यह दिलचस्प कहानी छत्तीसगढ़ के संदर्भ में विशेष तौर पर मौजूद है क्योंकि इसमें स्टील उद्योगपतियों के खाते में लाभ का मार्जिन बढ़ाने में मुख्य भूमिका तत्कालीन राज्य सरकार ने निभाई है। छत्तीसगढ़ राज्य इस बात के लिए प्रसिद्ध है कि देश के कुल स्टील उत्पादन का 30 प्रतिशत छत्तीसगढ़ में ही होता है।




# श्रमिक परिवार की 5981 बेटियों के खाते में आये 11 करोड़ 96 लाख

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार श्रमिकों के हित के अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही है। प्रदेश सरकार ने श्रमिक परिवारों की बेटियों के जीवन स्तर में सुधार के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना की शुरुआत की है। श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन ने विभागीय योजनाओं को अधिक से अधिक लाभ दिलाने के लिए श्रम विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। इस योजना का उद्देश्य श्रमिक परिवारों की बेटियों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है ताकि वे शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। महासंमुद जिले में इस योजना के तहत कुल 5981 हितग्राहियों की बेटियों को लाभान्वित किया गया है। प्रत्येक बेटी के बैंक खाते में 20,000 रुपये की राशि जमा की गई है। इस प्रकार, कुल 11 करोड़ 96 लाख 20 हजार रुपये का भुगतान



किया गया है। यह राशि उन परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा साबित हो रही है जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों की शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में कठिनाई का सामना कर रहे थे। नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना से न केवल श्रमिक परिवारों को राहत मिल रही, बल्कि यह ज़िले की बेटियों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। इससे प्रदेश में बालिकाओं की शिक्षा और उनके समग्र विकास को बढ़ावा मिल रहा है। महासमुंद अयोध्या नगर निवासी हितग्राही गीता निषाद ने बताया कि इस योजना की राशि उनके बैंक खातें में आ गयी है। उन्होंने बताया कि इस राशि का उपयोग कॉलेज की पढ़ाई पर खर्च करेंगी।उन्होंने इस सहायता के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि उनकी शिक्षा को आगे बढ़ाने में मददगार साबित होगी। शासन की इस योजना से उनका परिवार बहुत खुश है। महासंमुद जिले में मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना के शुरू होने से अब तक 5981 पात्र हितग्राहियों की पुत्रियों के लिए 20-20 हजार रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खाते में डाली गयी है। इस योजना के कारण श्रमिकों की बेटियां अब सशक्त एवं आत्मनिर्भर भी बन रही। यह योजना लाभार्थियों को आर्थिक सहायता के साथ-साथ सामाजिक सहायता भी प्रदान कर रही है। श्रमिक परिवारों की बेटियों को शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार के साथ ही उनके विवाह में यह राशि मजबूत सहायता प्रदान कर रही है। इस योजना में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत श्रमिक ही पात्र है। पात्रधारियों को योजना का लाभ लेने के लिए मुख्यमंत्री नोनी सशक्तीकरण सहायता योजना की अधिकारिक वेबसाइट बहसंइवनतण्दपबण्पद पर ऑन लाइन पंजीयन करना होगा।

# जलभराव वाले क्षेत्रों में प्राथमिकता से चलाएं राहत अभियानः कलेक्टर

## केलो बांध से जल स्तर और पानी छोड़ने की लगातार करें निगरानी / नदी का बहाव तेज लोगों से सावधानी बरतने की अपील





**रायगढ़।** कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने शहर में जल भराव से राहत के लिए नगर निगम और नगर सेना की टीम को मुस्तैदी से काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने केलो डैम से पानी छोड़े जाने के बाद चक्रपथ का निरीक्षण कर अधिकारियों से राहत कार्यों के बारे जानकारी ली। कलेक्टर गोयल ने नगर निगम आयुक्त से जल भराव वाले इलाकों में पानी खाली किए जाने के बारे में जानकारी ली। आयुक्त श्री सुनील चंद्रवंशी ने बताया कि अधिक प्रभावित क्षेत्रों में टीमें सुबह से काम पर लगी हैं। नालियों से पानी निकासी के साथ ही जरूरत के हिसाब से मोटर पंप से भी पानी खाली करने की तैयारी है। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि बारिश के साथ जहां पानी निकासी में समस्या हो रही है ऐसे इलाकों में प्राथमिकता से कार्य करें। इसके साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन से अधिकारियों और स्वास्थ्य विभाग की ड्यूटी प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्यों के लिए लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश से राहत के साथ ही जल जनित रोगों से बचाव के लिए भी प्राथमिकता के साथ काम किया जाना है। कलेक्टर गोयल ने ईई केलो परियोजना को निर्देशित किया कि केलो बांध में पानी की आवक और छोड़े जा रहे पानी पर नजर रखें। बांध से आवश्यकतानुसार ही पानी छोड़ा जाए। बांध से जल निकासी की दर बढ़ानी हो तो सभी संबंधित अधिकारियों को तत्काल सूचित करें। हमारा प्रयास होना चाहिए कि संतुलित रूप से पानी छोड़ा जाए, जिससे चक्रपथ डूबने या शहर में बाढ़ जैसे हालात न हों।

इस दौरान एडीएम सुश्री संतन देवी जांगडे, नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी, एसडीएम प्रवीण तिवारी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती रेखा चंद्रा, ईई केलो श्री मनीष गुप्ता, डीएसपी यातायात श्री रमेश चंद्रा, जिला सेनानी नगर सेना श्री बी.कुजूर, ईई पीडब्ल्यूडी अमित कश्यप, तहसीलदार लोमश मिरी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पानी का बहाव तेज, नदी के करीब जाने से बचें, युवाओं से खास अपील रील्स के लिए जान जोखिम में न डालें। कलेक्टर श्री गोयल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नदी में पानी का बहाव तेज है, इसलिए किसी भी स्थिति में नदी के करीब बिल्कुल न जाएं। चक्रपथ, मरीन ड्राइव और तटीय इलाकों में सड़क के ऊपर पानी होने से आवागमन बिल्कुल न करें। कलेक्टर श्री गोयल ने युवाओं से खास अपील करते हुए कहा कि नदी के करीब जाकर सोशल मीडिया पोस्ट या रील बनाने से बचें। किसी भी प्रकार का रिस्क न लें और जान जोखिम में बिलकुल न डालें।

**बांधों के हालात पर रखी जा रही नजर**

कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि केलो डैम के अलावा दूसरे बांधों में जलस्तर पर नजर रखी जा रही है। ओडिसा में हीराकुद बांध के जलस्तर को लेकर भी लगातार समन्वय जारी है। वहां अभी जल स्तर 186.49 मीटर पर है जो खतरे के निशान से नीचे है।

### भारी बारिश के चलते केलो डैम के 4 गेट खोले जा रहे, चक्रपथ में जलस्तर बढने की संभावना

बीती रात से हो रही भारी बारिश के चलते केलो डैम से जल निकासी के लिए 4 गेट खोले जा रहे हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए ईई केलो परियोजना श्री मनीष गुप्ता ने बताया कि केलो के 4 गेट 25-25 सेमी खोले जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि केलो डैम से छोड़ा जा रहा पानी नदी के रास्ते निकल जायेगा हालांकि पानी के बहाव के चलते मरीन ड्राइव और चक्रपथ और नदी से लगे मार्गों में पानी भरने की संभावना हो सकती है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने नगर निगम आयुक्त, एसडीएम रायगढ़ और नगर पुलिस अधीक्षक को जरूरी ऐहतियाती इंतजाम करने के लिए निर्देश किया है। उन्होंने लोगों से मरीन ड्राइव और चक्रपथ से आवाजाही के दौरान सतर्कता बरतने और सतह पर पानी आने पर वहां से आवागमन न करने की अपील की है। इसके साथ ही पानी के तेज बहाव को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से नहाने या किसी अन्य प्रयोजन से नदी में नहीं उतरने की भी अपील लोगों से की गई।

### जलभराव से राहत के लिए नगर निगम की टीमें प्रभावित इलाकों में जुटी



शहर में बीती रात से भारी बारिश के चलते कई जगहों पर जल भराव की स्थिति निर्मित हुई है। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी को प्रभावित इलाकों में आपदा राहत कार्यों के लिए निर्देशित किया है। नगर निगम की टीम सुबह 07 बजे से ही प्रभावित इलाकों में जल निकासी की व्यवस्था बनाने में जुटा हुआ है। नगर निगम आयुक्त सुनील कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि नगर निगम अधिकारी-कर्मचारी सहित सफाई अमले सहित 200 से अधिक लोगों को टीमों में बांटकर काम किया जा रहा है। 4 जेसीबी और 1 पोकलेन भी लगाई गई हैं। शहर में वार्ड नंबर 02 धांगरडीपा, वार्ड नंबर 03 संजय मैदान के पीछे, खेत पारा, बंगला पारा, भगवानपुर, वृंदावन कॉलोनी के पीछे, पैठु डबरी इलाकों में पानी निकासी की व्यवस्था के लिए टीमें काम कर रही है। जिससे जल भराव की समस्या को दूर किया जा सके। नगर निगम आयुक्त चंद्रवंशी ने बताया कि धांगरडीपा, पैठू डबरी, खेत पारा, रेलवे अंडर ब्रिज में निकासी की व्यवस्था बना कर जल जमाव दूर किया गया है। विनोबा नगर और मोदी नगर में जल निकासी के लिए काम किया जा रहा है। जहां नालियों से पानी निकालने की व्यवस्था में दिक्कत होगी वहां पम्प के माध्यम से पानी खाली करने की तैयारी भी रखी गई है। उन्होंने आगे बताया कि अभी पूरे शहर में जहां-जहां जल भराव की स्थिति है उसे दूर करने के लिए कार्य किया जा रहा है। लोगों को यदि शिफ्ट करने की जरूरत हुई तो सामुदायिक भवनों में उसकी तैयारी भी रखी गई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका के पदों की पूर्ति हेतु अंतिम योग्यता सूची जारी

**जगदलपुर।** जिले के एकीकृत बाल विकास परियोजना बकावंड-01 और 02 में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु अंतिम योग्यता सूची जारी किया गया है। उक्त सूची का अवलोकन कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है। जिसके तहत एकीकृत बाल विकास परियोजना बकावंड-01 के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र चोलनार आवासपारा, चोलनार क्रमांक-1 खासपारा, चोलनार आमागुड़ा, उड़ियापाल क्रमांक-1, उड़ियापाल क्रमांक-2, पाहुरबेल क्रमांक-1, सतलावंड और तारापुर क्रमांक-5 में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर नियुक्ति की जाएगी। वहीं एकीकृत बाल विकास परियोजना बकावंड-2 के अंतर्गत चारगांव तलपारा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, छिन्दगांव आमागुड़ा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा चारगांव तलपारा, छिन्दगांव आमागुड़ा, बेलपुटी पाथरियागुड़ा, बेलपुटी क्रमांक-2 गोटीगुड़ा, धनपुर, संवरा क्रमांक-1, सतोषा क्रमांक-3 और सरगीगुड़ा में आंगनबाड़ी सहायिका पद पर नियुक्ति की जानी है।

### 10 वीं बोर्ड के विज्ञान एवं समाज शास्त्र विषय के द्वितीय अवसर परीक्षा संपन्न

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित द्वितीय मुख्य/ अवसर हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा-2024 के तहत 31 जुलाई को 10 वीं बोर्ड के विज्ञान एवं समाज शास्त्र विषय की परीक्षा संपन्न हुई। जिसमें विज्ञान में 1100 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 1014 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई। 86 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह समाज शास्त्र विषय की परीक्षा में 1 परीक्षार्थी संख्या दर्ज की गई थी। जिसमें से 1 परीक्षार्थी ने परीक्षा दिलाई। जिले में कहीं भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है। परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश हेतु विद्यार्थियों का काउंसिलिंग 2 एवं 3 अगस्त को

रायगढ़। रायगढ़ जिला अंतर्गत संचालित 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं हेतु जारी जिला स्तरीय मेरिट सूची के आधार पर एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश हेतु कलेक्टोरेट कार्यालय रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में काउंसिलिंग का आयोजन होगा। काउंसिलिंग 2 अगस्त को सरल क्रमांक 1 से 250 तक एवं 3 अगस्त 2024 को सरल क्रमांक 251 से 500 तक समय सुबह 11 से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। संबंधित विद्यार्थी उक्त तिथि, समय एवं स्थान में आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित हो सकते हैं। इस काउंसिलिंग में विद्यार्थियों को एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश हेतु मौका दिया जाएगा। विद्यार्थियों को अपने दस्तावेजों की जांच करानी होगी और प्रवेश के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी करनी होगी। समयावधि पश्चात प्राप्त अभ्यावेदन पर एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश हेतु कोई विचार नहीं किया जाएगा, इसलिए विद्यार्थियों को समय पर उपस्थित होना आवश्यक है।

### आंगनबाड़ी में रिक्त पदों के लिए 21 अगस्त तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा अंतर्गत मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए 8 एवं आंगनबाड़ी सहायिका के 6 रिक्त पदों के लिए 21 अगस्त 2024 तक आवेदन मंगाए गए है। इच्छुक आवेदिका अपना आवेदन नियत तिथि तक कार्यालयीन अवधि में कार्यालय एकीकृत बाल विकास परियोजना लैलूंगा, जिला-रायगढ़ में सीधे अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से भेज सकते है। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

### जिला मिशन समन्वयक के पद हेतु 06 अगस्त तक कर सकते है दावा आपत्ति

**दंतेवाड़ा।** महिला एवं बाल विकास विभाग से जारी विज्ञप्ति अनुसार महिला एवं बाल विकास विभाग दंतेवाड़ा अंतर्गत जिला स्तर पर जिला स्तरीय महिला सशक्तिकरण केन्द्र हेतु पात्र आवेदकों से कार्यालय कलेक्टर महिला एवं बाल विकास विभाग दंतेवाड़ा में दिनांक 28 मार्च 24 तक आवेदन आमंत्रित कर प्राप्त आवेदन में पात्र, अपात्र की सूची प्रकाशित की गई थी। जिसमें जिला मिशन समन्वयक पद में लिपिकीय त्रुटि होने के कारण पुन: पात्र, अपात्र की संशोधित सूची प्रकाशित की जा रही है। पूर्व में प्रस्तुत दावा आपत्ति आवेदन मान्य नही किया जायेगा। इस संबंध में अभ्यर्थी को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति किया जाना है तो अपना अभ्यावेदन दिनांक 06 अगस्त 2024 कार्यालयीन समय में जिला कार्यालय महिला एवं बाल विकास दंतेवाड़ा में की जा सकती है। संशोधित पात्र, अपात्र सूची की विस्तृत जानकारी जिले के विभागीय सूचना पटल पर वेबसाईट WWWW.dantewada.gov.in पर देखी जा सकती है।

# अवैध शराब विक्रय पर आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही

## 235 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ दो स्कूटी जप्त



**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशानुसार एवं जिला आबकारी अधिकारी महासमुंद मोहित जायसवाल के मार्गदर्शन में आबकारी वृत्त सरायपाली अन्तर्गत दो प्रकरण में 235.0 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब एवं मदिरा परिवहन में प्रयुक्त दो स्कूटी कुल कीमत 167000 रुपए जप्त किया गया। जिसमें ग्राम बेलमुंडी में गस्त दौरान मुखबिर सूचना के आधार पर समयाभावश बिना सर्च वारंट प्राप्त किए गवाहों के समक्ष ग्राम अंतरझोला से बेलमुंडी की ओर आते हुए बेलमुंडी गौठान के पास रोड में स्कूटी में बैठे हुए दो व्यक्तियों को पूछताछ करने पर चालक द्वारा अपना नाम गूंज राम खूंटे पलसपाली एवं पीछे बैठा हुआ व्यक्ति अपना नाम शिबो बरिहा ग्राम छिबर्रा बताया। स्कूटी में रखे बोरी की जाँच करते वक्त आरोपी गूंज राम खूंटे मौके से फरार होना पाया। बाद में बोरी की तलाशी ली जाने पर 28 नग एवं डिक्की की तलाशी ली जाने पर 02 नग कुल 30 नग प्रत्येक में 5-5 लीटर कुल मात्रा 150 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब बरामद हुई। जिसे जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2),46(2)(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी शिबो राम बरिहा को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

इसी तरह द्वितीय स्कूटी एक्टिवा क्रमांक सीजी 06 एक्स 2384 में 02 व्यक्ति को रोककर नाम पूछने पर चालक अपना नाम करण जोल्हे एवं पीछे बैठा व्यक्ति धर्मेंद्र खूंटे बताया। परन्तु गाड़ी की तलाशी के दौरान गाड़ी को गिरा कर भागने लगे और मौके से फरार होना पाया। स्कूटी के शीट एवं हैंडल के बिच में रखे हुए जुट बोरी एवं डिक्की की जाँच करने पर 17 नग पॉलिथीन में भरी हुई प्रत्येक में 5-5 बल्क लीटर कुल 85 बल्क लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुवा शराब बरामद कर शराब एवं स्कूटी को जप्त कर कब्ज़ा आबकारी लिया गया फरार आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2),46(2)(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया एवं फरार आरोपियों की पतासाजी की जा रही है। उपरोक्त कार्यवाही मे दरसराम सोनी आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त सरायपाली, आरक्षक राज किशोर पाण्डेय, खिनीराम खुटे एवं वाहन चालक कमल पटेल एवं समस्त आबकारी स्टाफ उपस्थित थे।

### रायपुर से हैदराबाद एक्सप्रेसवे में प्रभावित ग्रामों के भूमि के क्रय-विक्रय में लगा प्रतिबंध शिथिल किया गया

**मोहला।** परियोजना निदेशक, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार) परियोजना कार्यान्वयन इकाई, रायपुर (छ.ग.) के पत्र कमांक 29011/1/PIU RPR/DPR/RPR/HYD Corridor/4757 दिनांक 31/10/2022 के अनुसार भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर से हैदराबाद के मध्य चार लेन एक्सप्रेसवे का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, जिसका डीपीआर कार्य प्रगति पर है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा रायपुर से हैदराबाद के मध्य संरेखण (एलाइनमेंट) के प्रारंभिक रूप में भू-अर्जन कमीटी, भा.रा.रा.प्रा. मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा दिनांक 17.10.2022 को अनुमोदित किया गया है। उपरोक्त अनुमोदित संरेखण (एलाइनमेंट) के अनुसार जिला-मोहला मानपुर अं.चौकी के प्रभावित ग्रामों में राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 के तहत भू-अर्जन प्रस्तावित कर मोहला मानपुर अं.चौकी जिले के प्रभावित ग्रामों में भूमि के बटांकन, व्यपवर्तन (व्यवसायिक परिवर्तन/गैर कृषि परिवर्तन) तथा भूमि के क्रय-विक्रय को पूर्णतः प्रतिबंधित करने का अनुरोध किया गया था। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार) परियोजना कार्यान्वयन इकाई, रायपुर (छ.ग.) के उपरोक्त प्रस्ताव पर इस कार्यालय के आदेश क्रमांक/1063/भू-अर्जन/2022 मोहला दिनांक 04/11/2022 के अनुसार मोहला मानपुर अं.चौकी जिले के तहसील मोहला के 07 ग्रामों, एवं तहसील अं.चौकी के 22 ग्रामों में भूमि के बटांकन, व्यपवर्तन (व्यवसायिक परिवर्तन/गैर कृषि परिवर्तन) तथा भूमि के क्रय-विक्रय को पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है।

### प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना सहित अन्य योजनाओं में प्रशिक्षण संचालन हेतु अतिथि प्रशिक्षकों से आवेदन आमंत्रित

**दंतेवाड़ा।** जिला परियोजना लाईवलीहुड कॉलेज से जारी विज्ञप्ति अनुसार दंतेवाड़ा में मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना एवं अन्य योजना अंतर्गत प्रशिक्षण संचालन किये जाने हेतु अल्पावधि कौशल प्रशिक्षण कार्य के लिए अस्थाई अतिथि प्रशिक्षकों की आवश्यकता है। अस्थाई अतिथि प्रशिक्षकों एवं अन्य की भर्ती वॉक-इन इंटरव्यू के माध्यम से किया जायेगा। पदों व उनके सम्मुख दर्शाये विवरण अनुसार प्रशिक्षकों की भर्ती हेतु इच्छुक एवं पात्र आवेदकों द्वारा इस पद के लिए छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा जारी मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत नवीनतम दिशा-निर्देश के अनुकूल निर्धारित शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता अनुसार आवेदन आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में स्विमिंग मशीन ऑपरेटर, घरेलू डाटा एंट्री ऑपरेटर प्रशिक्षक, सहायक इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षक, सहायक इलेक्ट्रीशियन प्रशिक्षक, सहायक मेसन ट्रेनर, मेकअप आर्टिस्ट ट्रेनर, सहायक मैनुअल, मेटल आर्क वेल्डिंग, शील्डेड मेटल आर्क वेल्डिंग वेल्डर ट्रेनर,चौपहिया सेवा सहायक ट्रेनर, दोपहिया वाहन सेवा सहायक प्रशिक्षक, स्ट्रीट वेंडर (फूड स्टॉल) ट्रेनर, छात्रावास अधीक्षक सह कार्यालय सहायक (गर्ल्स हॉस्टल), छात्रावास अधीक्षक सह कार्यालय सहायक (लड़कों का छात्रावास), कार्यालय सहायक पदों की नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित विज्ञान की विस्तृत जानकारी बेसाइट www.dantewada.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटल का अवलोकत किया जा सकता है।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत रेमावण्ड में की गई नई पहल

## योजना से गांव के हर घर पहुंच रहा शुद्ध पेयजल



**नारायणपुर।** जिले में जल जीवन मिशन योजना के तहत् अब दूर दराज के गावों में लोगों को पीने के लिए साफ पानी उनके घर तक नल कनेक्शन देकर पहुंचाया जा रहा है। योजना के तहत् हितग्राही श्रीमति संत्रीनबाई कोर्राम, पति जुगदर कोर्राम जिले के विकासखण्ड नारायणपुर से 18 किलोमीटर दूरी पर स्थित ग्राम रेमावण्ड के निवासी है। सोलर पंप के माध्यम से घर-घर नल से शुद्ध पेयजल की पूर्ति की जा रही है। गांव की जनसंख्या वर्ष 2021 के आधार पर लगभग 650 जनसंख्या वाले इस ग्राम में 91 परिवार नल कनेक्शन लग चुका है, इस ग्राम के निवासियों का मुख्य व्यवसाय कृषि एवं मजदूरी और वन्य संसाधनों पर निर्भर रहते हैं। जिसमें मुख्य रूप से धान का फसल लगाया जाता है और यहां की मुख्य बोली गोंडी है।

हितग्राही श्रीमति संत्रीनबाई कोर्राम ने बताया कि पहले उन्हे गली में लगे सार्वजनिक हैण्डपंप से पानी लाना पड़ता था और घर तक पानी ढोकर लाने में परेशानी होती थी। कई बार भीड़ होने कारण कतार में लगना भी पड़ता था। साथ ही साथ बरसात के दिनों में परेशानी और भी बढ़ जाती थी। घरेलू काम के कारण मेरे बच्चों को स्कुल आंगनबाड़ी के लिए देरी हो जाता था। घर-घर में नल लग जाने से समय की बचत हो रही है और काम पर जाने और घर की देख भाल में सुविधा हो रही है। धन्यावाद देना चाहती हूं माननीय श्री प्रधानमंत्री जी को जिन्होंने इस योजना को चालू किया और हम सबके घर में पानी पहुंचाया।

# सभी शासकीय स्कूलों में पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन 6 अगस्त को

## छात्र हितों पर होगी विस्तार से चर्चा, विगत वर्ष की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी होंगे पुरस्कृत



**रायगढ़।** राज्य के प्रत्येक शासकीय विद्यालय में पालक-शिक्षक बैठक नियमित रूप से कराये जाने के निर्देश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिये गये हैं। वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 में प्रथम पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन आगामी 06 अगस्त 2024 को प्रत्येक संकुल स्तर पर किया जाना है। शिक्षक-पालक मेगा बैठक का उद्देश्य शिक्षक एवं पालकों के मध्य समन्वय, पालकों को उनके बच्चों के पढ़ाई में मदद हेतु समाधानात्मक कारक उपाय सुझाना तथा शासन द्वारा बच्चों को संचालित विभिन्न हितग्राही योजनाओं एवं शिक्षा गुणवत्ता उन्नयन हेतु राज्य में संचालित विभिन्न कार्यक्रमों से पालकों को अवगत कराना है। साथ सभी संकुलों में आयोजित मेगा पीटीएम के दिन बैठक आयोजन का संकुल स्तर, विकासखंड स्तर, जिला स्तर एवं राज्य स्तर के अधिकारियों के साथ-साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा आकस्मिक निरीक्षण भी किया जायेगा।।

**सभी 250 स्कूलों में होगा आयोजित**

पालक-शिक्षक मेगा बैठक में 12 मुद्दों पर प्रमुखता से चर्चा करने के निर्देश राज्य शासन के द्वारा दिये गए हैं, उपरोक्त शिक्षक-पालक मेगा बैठक जिले के सभी 250 संकुलों में संकुल स्तर पर राज्य शासन के निर्देशानुसार आयोजित किये जायेंगे। प्रत्येक संकुल स्तरीय कार्यक्रम के लिये स्थल का चयन कर लिया गया है। प्रत्येक संकुल में आयोजित मेगा सम्मेलन संबंधित संकुल के संकुल प्राचार्य के अध्यक्षता में होंगे। प्रत्येक संकुल में आयोजित शिक्षक-पालक मेगा बैठक के लिये एक नोडल अधिकारी का चयन किया गया है। जिन पर पूरे शिक्षक-पालक मेगा बैठक के संचालन की जवाबदेही होगी। शिक्षक-पालक मेगा बैठक में संस्था प्रमुख, प्रत्येक शाला के आधे शिक्षक एवं पालक प्रमुख रूप से शामिल होंगे। साथ ही बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि, शाला प्रबन्ध समिति और शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के सदस्य, काउंसलर, डॉक्टर, मनोवैज्ञानिक, शिक्षाविद, ड्रॉपआउट हुये बच्चों के पालक भी शामिल होंगे जो आपसी चर्चा उपरांत समाधानकारक सुझाव दिये जायेंगे।

**छात्र हितों पर होगी विस्तार से चर्चा-**

शिक्षक-पालक मेगा बैठक के दौरान 12 बिंदुओं पर छात्र हित में शासन द्वारा संचालित योजनाओं, शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिये संचालित योजनाओं, अध्ययन-अध्यापन में आने वाली समस्याओं, सुचारू अध्यापन, ड्रॉपआउट या लंबी अनुपस्थिति वाले बच्चों की शाला में उपस्थित कराना, बेहतर परीक्षा परिणाम पर विस्तार से चर्चा की जायेगी। बैठक के दौरान विगत वर्ष की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा। बैठक में दिये गये सुझावों का पंजीकरण किया जाएगा। संकुल स्तर के आयोजन पश्चात स्कूल स्तर पालकों की बैठक आयोजित कर शैक्षणिक समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की जायेगी।




# महासमुंद जिले के खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय मिक्स बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में 27 पदक जीते

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय मिक्स बॉक्सिंग चैम्पियनशिप का आयोजन लोहाना भवन फाफाडीह रायपुर में 27 से 28 जुलाई 2024 को किया गया। मिक्स बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ जिला इकाई रायपुर द्वारा आयोजित इस चैम्पियनशिप में विभिन्न आयु एवं वजन समूहों में लगभग 250 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया।

इस आयोजन में महासमुंद जिले के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 27 पदक जीते, जिसमें 10 गोल्ड, 9 सिल्वर, और 8 ब्रॉन्ज मेडल शामिल हैं। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों में वंशिका चौहान, आरुषि नंद, सिमरन चौहान, पल्लवी भोई, दिलेश्वरी साव, सबेश्वरी साहू, साहिल कुमार, राजकुमार रोहिदास, सूर्यकांत मिश्रा और त्रिलोचन साहू शामिल हैं, जिन्होंने गोल्ड मेडल जीते। इसके अतिरिक्त, भगवंतीन निराला, नुरेंद्र साहू, सना खान, इजरायल दीप, संस्कार सिंह नायक, भवनी बेहेरा, प्रियंका साव, योगिता खूंटे, और हेमा साव ने सिल्वर मेडल जीते। कृतिका बारीक, हेमा पटेल, जैनीश दीप, डॉलीमा चौधरी, दिव्या यादव, रचना साव, नंदिका साहू और जेता वाजपेई ने ब्रॉन्ज मेडल जीते।

कलेक्टर श्री प्रभात मलिक एवं पुलिस अधीक्षक श्री आशुतोष सिंह ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी और राष्ट्रीय स्तर पर भी पदक जीतकर जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं। सभी खिलाड़ियों ने विरेन्द्र कुमार डडसेना के मार्गदर्शन और कोच वंशिका चौहान के नेतृत्व में शानदार प्रदर्शन किया। इसी के साथ जिला खेल अधिकारी श्री मनोज धृतलहरे, श्री हरिशंकर देवांगन, श्री बृजेश मिश्रा, रॉयल किड्स स्कूल नयापारा खुर्द पिथौरा के प्राचार्य अवस्थी एवं सुरेश निषाद ने भी खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।



## शासकीय आदर्श महाविद्यालय जावंगा में शुरू होगी फाइन आर्ट की कक्षाएं

### शास्त्रीय संगीत, नृत्य से लेकर चित्र एवं मूर्तिकला में दी जाएगी स्नातक उपाधि

**दंतेवाड़ा।** जिला कार्यालय से प्राप्त सूत्रों के अनुसार राज्य शासन द्वारा राज्य में संचालित शासकीय महाविद्यालयों में सत्र 2024-25 से स्ववित्तीय योजना, जनभागीदारी मद अंतर्गत नवीन विषय, संकाय, कक्षा प्रारंभ करने हेतु अनुमति प्रदान की गई है। इस क्रम में जिले के शासकीय आदर्श महाविद्यालय जावंगा में प्रस्तावित नवीन संकाय प्रारंभ करने के तहत बैचलर परफॉर्मिंग आर्ट्स (बी.पी.ए.) एवं बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स (बी.एफ.ए.) की कक्षाएं प्रारंभ होगी। बैचलर परफॉर्मिंग आर्ट्स के अन्तर्गत स्वर संगीत, (हिन्दुस्तानी) तबला, कथक, भरतनाट्यम एवं लोक संगीत तथा बैचलर ऑफ फाइन आर्ट्स में चित्रकला, मूर्तिकला, ग्राफिक्स, जैसे फाइन आर्ट से संबंधित विषयों पर अध्ययन कराया जायेगा। इसके लिए दोनों संकायों में 30-30 सीटे निर्धारित रहेगीं। राज्य शासन द्वारा कक्षाएं प्रारंभ करने की अनुमति कुछ शर्तों के अधीन प्रदाय की गई है। इसके अनुसार स्ववित्तीय योजना, जनभागीदारी मद के अंतर्गत उक्त विषय, संकाय कक्षा का संचालन शैक्षणिक सत्र 2024-25 से किया जावेगा। तथा शैक्षणिक, अशैक्षणिक कर्मचारियों की एवं लाइब्रेरी, फर्नीचर तथा उपकरण, कम्प्यूटर आदि की व्यवस्था संस्था को अपने स्वयं के स्त्रोतों से वहन करना होगा। इसके लिए किसी प्रकार का वित्तीय भार शासन द्वारा वहन नहीं किया जाएगा, अर्थात राज्य शासन द्वारा भविष्य में किसी प्रकार का आवर्ती तथा अनावर्ती व्यय हेतु कोई भी अनुदान नहीं दिया जावेगा। शिक्षकों की नियुक्ति विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के आधार पर शासन के निर्धारित मापदंड पर की जावेगी। उक्त विषय, संकाय प्रारंभ करने पर आय-व्यय के लेखों का सत्यापन विभागीय अंकेक्षण दल, चार्टर्ड एकाउंटेंट द्वारा कराया जाकर प्रतिवर्ष उच्च शिक्षा संचालनालय को अपना प्रतिवेदन सौंपना होगा। महाविद्यालय द्वारा उक्त प्रस्तावित नवीन विषय,संकाय कक्षा का संचालन संबंधित विश्वविद्यालय से संबद्धता प्राप्त करने के उपरांत ही किया जावेगा। संबद्धता प्राप्त करने की जिम्मेदारी संबंधित प्राचार्य की होगी। उल्लेखनीय है कि पूर्व वर्षो में दक्षिण बस्तर के महाविद्यालयों में फाइन आर्ट के संबंधित कक्षाओं की सुविधा न होने के कारण इस क्षेत्र में रूचि रखने वाले स्थानीय छात्रों को अन्यत्र नगरों में स्थापित महाविद्यालयों का रुख करना पड़ता था। परन्तु फाइन आर्ट की कक्षाएं स्थानीय महाविद्यालय मे प्रारंभ करने के शासन के निर्णय से स्थानीय छात्र विशेष तौर पर लाभान्वित होगें।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में हुई ब्लॉक स्तरीय टीबी फोरम की बैठक

**सुकमा।** बुधवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, कोंटा के अध्यक्षता में ब्लॉक स्तरीय टीबी फोरम की बैठक आयोजित की गई, जिसमे टीबी का राज्य, जिला ओर ब्लॉक स्तर पर मजूदा स्थिति, विभागीय सहयोग, नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के निर्देशक, कोंटा की 61 ग्राम पंचायतो को टीबी मुक्त पंचायत बनाने की रणनीति और आगे के नियोजन पर चर्चा की गई। इस मीटिंग में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री नारद कुमार मांझी, बीएमओ सिद्धार्थ नारंग, बीईओ, आईसीडीएस सुपरवाइज़र, मितानिन ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, एनटीईपी से संतोष चव्हाण सुकमा, कुंदल सिंह कुंजाम, डब्ल्यूएचओ कंसलटेंट डॉ. मनीष मसही, पीरामल की जिला टीम से राजेश सोलंकी जिला कार्यक्रम अधिकारी सुकमा, अमोल बोरकर प्रोग्राम लीडर सुकमा ओर स्टीफेन मस्कनली प्रोग्राम लीडर सुकमा उपस्थित थे।

## कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने किया अंदरुरी क्षेत्रों में संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण

**कोडागांव।** कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिले के अतिसंवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण कर विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने बुधवार को नारायणपुर जिले की सीमा से लगे गांवों का भ्रमण किया और वहां आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय, आश्रम-छात्रावास, स्वास्थ्य केन्द्र, उचित मूल्य की दुकान एवं जल जीवन मिशन के तहत संचालित कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को दुरस्त करने के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने उमरगांव में जल जीवन मिशन के कार्य का निरीक्षण किया और उन्होंने शासन के निर्धारित मापदंड अनुसार प्रत्येक घर में जल उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए हर घर जल के प्रमाणन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## बालक छात्रावास डांडगांव में भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं मिलने पर हॉस्टल अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस





**अम्बिकापुर।** कलेक्टर श्री विलास भोस्कर बुधवार को उदयपुर विकासखंड में औचक निरीक्षण पर पहुंचे। इस दौरान कलेक्टर श्री भोस्कर ने अधिकारियों के साथ आदिवासी बालक छात्रावास डांडगांव का निरीक्षण किया। निरीक्षण के कड़ी में उन्होंने छात्रों को दिए जाने वाले भोजन सामग्री की जांच की। जांच में सब्जी की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने मौके पर मौजूद आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त को छात्रावास अधीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही छात्रावास भवन के नवीनीकरण किए गए हिस्से में छात्रों को तत्काल शिफ्ट करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय और आईटीआई कॉलेज उदयपुर का भी निरीक्षण किया। एकलव्य आवासीय विद्यालय रिखी, उदयपुर के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बच्चों से सीधे संवाद कर गणवेश, पुस्तक आदि के वितरण की जानकारी ली। जिसपर कुछ बच्चों को पुस्तकें ना मिल पाने की जानकारी संज्ञान में आते ही कलेक्टर ने दो दिन के भीतर बच्चों को पुस्तकें प्रदाय करने के निर्देश दिए। स्थान की कमी की जानकारी पर कलेक्टर ने सहायक आयुक्त को निर्देशित किया कि वर्तमान में कन्या परिसर अंबिकापुर अंतर्गत स्थित प्रयास आवासीय विद्यालय के घंघरी में नवीन भवन में शिफ्ट होने के उपरांत एकलव्य आवासीय विद्यालय उदयपुर को उस भवन में शिफ्ट किया जाए। इस अवसर पर एसडीएम उदयपुर श्री बनसिंह नेताम एवं खंड स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## कुंआ में कचरा प्रबंधन से जैविक खाद बनाने में समूह की दीदियां निभा रही अहम भूमिका

**बिलासपुर।** मनरेगा योजना के तहत तखतपुर ब्लॉक के ग्राम कुंआ में समूह की महिलाएं कचरा प्रबंधन कर अपने आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने का कार्य रही है। यहां महिलाएं स्वच्छता के साथ स्वावलंबन का भी संदेश दे रही है। कचरा प्रबंधन से जैविक खाद बनाने में समूह की दीदियां अहम भूमिका निभा रही है। शासन की ओर से दिए जाने वाले सहयोग से समूह की महिलाओं के जीवन में आर्थिक सुधार आया है और वे अपने परिवार की जिम्मेदारियों में बखूबी अपना योगदान दे रही हैं। सरस्वती समूह की दीदियों ने बताया कि गांव में मनरेगा के तहत एसएचजी शेड निर्माण किया गया है। इन कार्यों के लिए मनरेगा अंतर्गत लगभग 2.20 लाख रूपये की राशि स्वीकृत हुई थी। शेड के माध्यम ठोस व तरल अपशिष्ट के रूप में निकलने वाले कचरे का प्रबंधन किया जा रहा है। सरस्वती स्व सहायता समूह की महिलाएं अपने तिपहिया वाहन में घर-घर घूमकर कचरा एकत्र कर शेड के स्थान पर ला कर रखती है ताकि भविष्य में इन कचरों का इस्तेमाल खाद के रूप में किया जा सके। ग्रामीण बताते हैं कि शेड निर्माण कार्य से अस्वच्छता संबंधी समस्याओं का निदान हुआ है। गांव में अब स्वच्छता का माहौल बना रहता है। ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन का कार्य प्रतिदिन किया जा रहा है। जिसमें प्रत्येक परिवार को डस्टबीन दी गई एवं तिपहिया वाहन खरीदे गए है। जिसके माध्यम से कचरा का प्रबंधन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस कार्य से वे बहुत खुश है। उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। पहले आस-पास कचरों के फैले होने से गंदगी का वातावरण रहता था और बीमारियों का खतरा बना रहता था।

## छग प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने वेतन भुगतान के लिए लगाई गुहार



**कबीरधाम।** जिले में 2nd ANM (DMF) का विगत चार माह से वेतन भुगतान नहीं किया गया है, जिससे स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के सदस्य परेशान हो गए हैं। कलेक्टर कार्यालय और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के चक्कर लगाने के बावजूद, उन्हें वेतन प्राप्त नहीं हुआ है।

छत्तीसगढ़ में सबसे कम वेतन कबीरधाम जिले के 2nd ANM (DMF) को दिया जा रहा है, और फिर भी समय पर वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। पिछले पांच सालों से हर वर्ष CR भरवाने और बजट की कमी का बहाना करते हुए, कर्मचारियों को चार से पांच महीने की देरी से वेतन मिलता है। इसके अलावा, छ्रक्र के माध्यम से कर्मचारियों की लगातार छंटनी की जा रही है। 2nd ANM (DMF) से विभिन्न राष्टीय कार्यक्रम, प्रसव कार्य, टीकाकरण कार्य, OPD कार्य, NCD कार्य, यू-विन ऑनलाइन एंट्री और सर्वे कार्य लिए जा रहे हैं, जबकि उनकी नियुक्ति केवल प्रसव कार्य के लिए की गई थी। इतनी महंगाई के बावजूद उन्हें कम वेतन दिया जा रहा है और समय पर वेतन भुगतान न होने से उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में 24 जून को ही संघ द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और जिलाधीश को ध्यान आकर्षित कराया गया था। पिछले हफ्ते ही समस्त 2nd ANM (DMF) ने पुनः मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को अपनी समस्या से अवगत कराया, फिर भी वेतन अब तक अप्राप्त है। वहीं, उसी छ्रस्त्र में कार्यरत अन्य कर्मचारियों जैसे लैब टेक्नीसियन और स्टाफ नर्स का वेतन पिछले 15 दिन पूर्व ही भुगतान कर दिया गया है, लेकिन 2nd ANM (DMF) का वेतन अभी भी नहीं मिला है। बुधवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार डहरिया और समस्त 2ठुस्त्र ,हरू ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को रखा।

## प्रदीप मिश्रा की कथा में चोरों का हंगामाः लाखों के मंगलसूत्र, सोने-चांदी की चेन व नगदी पार

**भिलाई।** जयंती स्टेडियम में हो रहे अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा की कथा को सुनने के लिए मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़ और अन्य प्रदेशों से लाखों भक्त आए थे। जहां एक ओर लोग पंडित जी की कथा का आनंद ले रहे थे, वहीं दूसरी ओर चोरों ने कथा स्थल पर हंगामा मचाते हुए लाखों रुपये के मंगलसूत्र, सोने-चांदी की चेन और महंगे मोबाइल फोन चोरी कर लिए। कथा स्थल पर लगे साढ़े तीन सौ से अधिक पुलिस बल और अफसरों की ड्यूटी व्यवस्था के बावजूद, चोरों ने इस मौके का फायदा उठाया। एक सप्ताह के दौरान विशेष रूप से महिलाएं अपनी कीमती चीजें खो बैठीं। कोतवाली थानेदार सेक्टर 6 को एक दर्जन से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं। अब देखना यह है कि पुलिस इन चोरों को पकड़ने में कितनी सफल होती है।

**चोरी की घटनाओं का विवरण-** मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र



और छत्तीसगढ़ से आए भक्तों ने शिकायत की कि कथा सुनते समय उनके मंगलसूत्र, चेन और नकदी चोरी हो गई। कई महिलाएं अपने पर्स में रखे सामान को ब्लेड मारकर कटने और चोरी होने की भी शिकायत की। दुर्ग पुलिस ने बताया कि उन्होंने चेन स्नेचिंग के मामले में एक शातिर चोर को पकड़ने में सफलता हासिल की है। यह सफलता सिंधिया नगर दुर्ग की एक साहसी महिला की सूझबूझ और साहस से मिली। महिला चोर के साथ भिड़ गई और चेन टूटकर नीचे गिर गई, जिससे चोर की पहचान की जा सकी। यह चोर पूर्व में रायपुर में रहता था और लव मैरिज के बाद हथखोज ट्रांसपोर्ट नगर में रह रहा था।

**कथा स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था की कमी-** कथा स्थल पर हुई चोरी की घटनाओं के बाद, पुलिस और आयोजकों पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस के अनुसार, जिन लोगों के साथ भी चोरी की घटनाएं हुई हैं, उन्होंने रिपोर्ट दर्ज नहीं करवाई है। पुलिस का कहना है कि वे चोरों को पकड़ने की कोशिश कर रहे हैं और पीड़ितों से संपर्क कर रहे हैं। इस बड़े धार्मिक आयोजन में हुई चोरी की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है।

## विशेषज्ञता हासिल करने परमात्मा से कनेक्शन जरूरी : मुनि प्रियदर्शी विजयजी

**रायपुर।** विवेकानंद नगर स्थित संभवनाथ जैन मंदिर में जारी आत्मोल्लास चातुर्मास 2024 की प्रवचन माला में बुधवार को रायपुर के कुलदीपक तपस्वी रत्न मुनिश्री प्रियदर्शी विजयजी ने कहा कि विशेषज्ञता हासिल करने के लिए परमात्मा से कनेक्शन जरूरी है। केवल तप और ध्यान से परमात्मा से कनेक्शन नहीं हो सकता। आप नियम से घर में पूजा कर लिए,उपवास कर लिए लेकिन क्या आपको विचार आता है कि मंदिर में जाकर परमात्मा के साथ आधा घंटे बातें की जाए ? जब प्रभु के सामने बैठकर आत्म मंथन करोगे तब विशेषज्ञता को हासिल करोगे। आराधना को दृष्टि बनाने के लिए उपाश्रय में आओ, परमात्मा के साथ कनेक्ट हो और आत्म चिंतन करो कि यहां से जाने के बाद आपकी गति क्या होगी। साधु का पहला कनेक्शन परमात्मा के साथ और अरिहंतों के साथ होता है। मुनिश्री ने कहा कि जीव जब एक गति से दूसरे गति में जाता है तो संबंध, राग छूट जाता है, वस्तुएं छूट जाती है लेकिन वृत्ति अर्थात अपने संस्कार लेकर जाता है। यदि आपके जीवन में विशेषज्ञता होगी तो आपके जीवन में धर्म आने में सफलता मिलेगी। चौमासा में प्रवचन श्रवण का



अवसर चार माह होता है। इन चार माह के बाद आपको आपकी विशेषज्ञ पता चलेगी। मन से आपका कनेक्शन अरिहंत परमात्मा के साथ होना चाहिए। हमेशा धर्म की आराधना करनी चाहिए इससे सद्गति प्राप्त होती है। परमात्मा के दर्शन के संस्कार लेकर देवलोक जाओगे तो देवलोक में सर्व वैभव का दृश्य भी आपको विचलित नहीं कर सकेगा और यदि संस्कार विहीन होंगे तो वैभव में फंसकर कुछ हासिल नहीं होगा। चारों ओर वैभव को देखकर भी परमात्मा के साथ अच्छा कनेक्शन होगा,तब ही आपकी विशेषज्ञता सार्थक होगी।

**सद्गुरु तीर्थंकर परमात्मा तक पहुंचने का मार्ग है बुजुर्गों की सेवा-मुनि तीर्थप्रेम विजयजी-** ओजस्वी प्रवचनकार मुनि तीर्थप्रेम विजयजी ने आज की प्रवचन माला में कहा कि हमें सदैव सेवा करनी चाहिए। सेवा करते जाओ, कुदरत आपको उससे भी बड़ी सेवा का मौका देगी। हमेशा गुरुजनों की सेवा करनी चाहिए। जिनसे आपको सीख मिली वह आपके गुरु हैं। लौकिक गुरु मुख्य रूप से आपके माता-पिता हैं। यदि मां की फटी हुई साड़ी और पिता की फटी हुई चप्पल व कपड़े बदलने का आपको ध्यान नहीं है तो जो आप धर्मगुरु की सेवा करते हो वह व्यर्थ है। जो अपने सांसारिक गुरुओं की सेवा करते हैं उसे सद्गुरु मिलते हैं और जो सद्गुरु की सेवा करते हैं उन्हें परमात्मा, तीर्थंकर प्राप्त होते हैं। जो साधुओं की निंदा करते हैं उन्हें कुछ प्राप्त नहीं होता है। आपको यदि तीर्थंकर परमात्मा तक पहुंचना है, सद्गुरु तक पहुंचना है तो अपने बुजुर्गों की सेवा करो।

**सात प्रकार से करें अपने बुजुर्गों की सेवा**

मुनिश्री तीर्थप्रेम विजयजी म.सा. ने कहा कि हमें सात प्रकार से बुजुर्गों की सेवा करनी चाहिए और कैसे करनी चाहिए यह भी समझना आवश्यक है। क्रमशः मुनिश्री ने बताया कि

(1) बुजुर्गों की सेवा हमेशा बिना फरियाद,बिना शिकायत के करनी चाहिए।
(2) मन से सेवा करनी चाहिए। बेमन से की गई सेवा भी व्यर्थ होती है।
(3) बगैर आमंत्रण दिए सेवा करनी चाहिए। आप सेवा किसी के बोले बगैर करेंगे तो ही अच्छा होगा।
(4) बगैर थके सेवा करनी चाहिए।
(5) बगैर गिनती की सेवा करनी चाहिए। सेवा कार्य को अभी गिनना नहीं चाहिए।
(6) बगैर प्रतिक्रिया की सेवा करनी चाहिए।
(7) स्वयं सेवा करनी चाहिए। सेवा कभी दूसरों के भरोसे नहीं की जाती।

## साय के विकास माडल की दिल्ली में चर्चा

संपादकीय



राज्य में सरकारें आती हैं,जाती हैं। हर राज्य का एक विकास माडल होता है।जैसे ही सरकार बदलती है, वैसे ही राज्य का विकास माडल बदल जाता है हर राज्य सरकार के पास अब पिछली सरकार से एक अलग विकास का माडल होता है। वह अपने विकास माडल के हिसाब से राज्य का विकास करना चाहता है। रमन सरकार ने अपने विकास माडल के हिसाब से राज्य का विकास किया, भूपेश बघेल ने अपने विकास माडल से राज्य का विकास किया। अब साय सरकार के पास राज्य के विकास के लिए अपना एक विकास माडल है।

साय सरकार ने सात माह में अपने विकास माडल से राज्य के हर क्षेत्र का जो विकास किया है। उसके लिए दिल्ली में राज्य सरकार की सराहना की गई है और दूसरे भाजपा शासित राज्यों को भी उसे अपनाने की सलाह दी गई है तो यह साय सरकार के लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में भाजपा मुख्यालय में हुई मुख्यमंत्री परिषद की बैठक में राज्यों के सीएम व डिप्टी सीएम शामिल हुए। सभी अपने राज्य के विकास, योजनाओं आदि की जानकारी दी छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय ने बैठक में राज्य की प्रमुख योजनाओं,आमलोगों की शासन के प्रति क्या सोच है, इसका फीडबैक.राजनीतिक घटनाक्रमों पर एक रिपोर्ट पेश की।इन्होंने योजनाओं की सफलता, उस पर प्रभावी अमल, महिलाओं, युवाओं, आदिवासियों, किसानों, नक्सल उन्मूलन के लिए कि जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।इन्होंने बताया किस तरह नियद नेल्लानार से आदिवासियों क्षेत्रों में योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। इस योजना के तहत सुरक्षा कैंप के आसपास के पांच गावों में? सरकारी विभागों की ५३ योजनाओं का लाभ लोगों को दिया जा रहा है। इससे सरकार व शासन के प्रति जनता का भरोसा बढ़ा है। आदिवासी क्षेत्र का तेजी से विकास हो रहा है। राज्य में महिलाओं को महतारी वंदन योजना से हर माह ७० लाख महिलाओं को एक हजार रुपए महीना दिया जा रहा है, उससे महिलाओं की आर्थिक स्थित सुधरी है, राज्य में भ्रष्टाचार रोकने पारदर्शी शासन के लिए प्रयास किया गए है साथ ही पिचली सरकार के समय हुए भ्रष्टाचार की जांच भी कराई जा रही है। साय सरकार के सबसे ज्यादा सफलता सही मायने में नक्सलियों के सफाए में मिली है। इस सरकार के समय जितनी तेजी से नक्सलियों का सफाया हुआ है, वह अतुलनीय है, उसकी तुलना किसी सरकार से नहीं की जा सकती। साय सरकार जिस तरह से बस्तर में नक्सलियों की संख्या कम हो सकती है,करने का गंभीरता से प्रयास कर रही है। ऐसे में दिल्ली में साय सरकार की तारीफ तो होनी ही थी। भूपेश बघेल के माडल की भी एक समय दिल्ली में चर्चा होती थी, लेकिन उनके विकास माडल की जितनी तारीफ व चर्चा होती थी, उसकी पोल उस वक्त खुल गई जब विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा,जनता ने उनके विकास के माडल को नकार दिया। साय सरकार को सत्ता में आए अभी कुछ महीने ही हुए है और उसकी तारीफ जिस तरह काम के लिए की गई है, वह साय सरकार के लिए गर्व की बात है।

साय सरकार लोकसभा चुनाव के पहले किछ महीने में जिस तरह काम किया और पीएम मोदी की दी गई गारंटी को पूरा किया, उसके कारण लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीत मिली है, यह भी ध्यान देने योग्य बात है क्योंकि भूपेश बघेल विधानसभा चुनाव जीतने के बाद लोकसभा चुनाव में पार्टी को नहीं जिता सके थे जबकि सीएम साय ने भाजपा के लिए ९ सीटें जीती हैं। यह भी तो बड़ी सफलता है। किसी सरकार की सफलता को ठीक से तब मापा जा सकता है जब उसका एक साल पूरा हो जाए। साय सरकार के पास अभी समय है और अच्छा काम करने का। साय के समय में इसी तरह नक्सलियों का सफाया होता रहा तो जल्द ही छत्तीसगढ़ से नक्सलियों का पूरा सफाया हो जाएगा।ऐसा होता है तो इसके लिए उनकी तारीफ यूपी के सीएम की तरह की जाएगी।वह देश के सफल सीएम में गिने जाएंगे कि केंद्र सरकार ने उनसे जो कुछ करने को कहा,उन्होंने करके दिखाया है। साय सरकार अपने समय में सिर्फ भ्रष्टाचार न होने दे, भ्रष्टाचार में किसी भाजपा नेता, मंत्री का नाम न आए तो यह भी उनकी बड़ी उपलब्धि होगी क्योंकि उनके पहले के भूपेश सरकार के समय जिस तरह से भ्रष्टाचार हुआ था,वैसा राज्य पहले कभी नहीं हुआ था। भूपेश बघेल के समय को अब भ्रष्टाचार के लिए याद किया जाता है।उसी तरह साय सरकार के समय को ईमानदार सरकार के लिए याद किया जाए तो यह साय सरकार की एक और बड़ी उपलब्धि होगी। नक्सली उन्मूलन व ईमानदार सरकार यह साय सरकार के लिए बड़ी चुनौती है,अगर वह इसमें सफल रहती है तो सीएम साय को राज्य के इतिहास में हमेशा याद किया जाएगा।

# सावन मास का महत्व एवं शिव की शरण

**ललित गर्ग**

सावण मास को मासोत्तम मास कहा जाता है। सावण मास अपना एक विशिष्ट महत्व रखता है। यह माह अपने हर एक दिन में एक नया सवेरा दिखाता। इसके साथ जुडे.समस्त दिन धार्मिक रंग और आस्था में डूबे होते हैं। इस माह की प्रत्येक तिथि किसी न किसी धार्मिक महत्व के साथ जुड़ी हुई होती है। शास्त्रों में सावन के महात्म्य पर विस्तारपूर्वक उल्लेख मिलता है। श्रवण नक्षत्र तथा सोमवार से भगवान शिव शंकर का गहरा संबंध है। इस मास का प्रत्येक दिन पूणर्ता लिए हुए होता है। धर्म और आस्था का अटूट गठजोड़ हमें इस माह में दिखाई देता है। इसका हर दिन व्रत और पूजा पाठ के लिए महत्वपूर्ण रहता है। देवों के देव शिव की भक्ति के लिये सावण मास का विशेष महत्व है। शास्त्रों में वर्णित है कि सावन महीने में भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं। इसलिए यह समय भक्तों और साधु-संतों सभी के लिए अमूल्य होता है। इस समय सृष्टि के संचालन का उत्तरदायित्व भगवान शिव ग्रहण करते हैं। इसलिए सावन के प्रधान देवता भगवान शिव बन जाते हैं और वे समाज उपेक्षितों, भक्तों एवं पीड़ितों की सहायता करते हैं।

सावन मास की अनेकानेक विशेषताएं एवं अलौकिकताएं हैं। मनीषियों का कहना है कि समुद्र मंथन भी श्रावन मास में ही हुआ। इस मंथन से 14 प्रकार के तत्व निकले। उसमें एक कालकूट विष भी निकला, उसकी भयंकर ज्वाला से समस्त ब्रह्माण्ड जलने लगा। इस संकट से व्यथित समस्त जन भगवान शिव के पास पहुंचे और उनके समक्ष प्रार्थना करने लगे, तब सभी की प्रार्थना पर भगवान शिव ने सृष्टि को बचाने हेतु उस विष को अपने कंठ में उतार लिया और उसे वहीं अपने कंठ में अवरूद्ध कर लिया। इस प्रकार इनका नाम नील कंठ पड़ा। इसके बाद देवताओं ने भगवान शिव को जहर के संताप से बचाने के लिए उन्हें गंगाजल अर्पित किया। इसके बाद से ही शिव भक्त सावण मास में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। ज्योतिर्लिंगों का दर्शन एवं जलाभिषेक करने से अश्वमेघ यज्ञ के समान फल प्राप्त होते हैं तथा शिवलोक की प्राप्ति होती है, ऐसी मान्यता है। इन दिनों में अनेक प्रकार से शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है जो भिन्न-भिन्न फलों को प्रदान करने वाला होता है। जैसे कि जल से वर्षा और शीतलता की प्राप्ति होती है। दूग्ध अभिषेक एवं घृत से अभिषेक करने पर योग्य संतान की प्राप्ति होती है। ईख के रस से धन संपदा की प्राप्ति होती है। कुशोदक से समस्त व्याधि शांत होती है. दधि से पशु धन की प्राप्ति होती है और शहद से अभिषेक करने से लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।इसके अतिरिक्त एक अन्य कथा के अनुसार, मरकंडू ऋषि के पुत्र मारकण्डेय ने लंबी आयु के लिए सावन माह में ही घोर तप कर शिव की कृपा प्राप्त की थी, जिससे मिली मंत्र शक्तियों के सामने मृत्यु के देवता यमराज भी नतमस्तक हो गए थे। इस महीनें में गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र, पंचाक्षर मंत्र इत्यादि शिव मंत्रों का जाप शुभ फलों में वृद्धि करने वाला होता है और जीवन रक्षक माना गया है। भगवान शिव को सावन का महीना प्रिय होने का एक अन्य कारण यह भी है कि भगवान शिव सावन के महीने में पृथ्वी पर अवतरित होकर अपनी ससुराल गए थे और वहां उनका स्वागत आर्घ्य और जलाभिषेक से किया गया था। माना जाता है कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं। भू-लोक वासियों के लिए शिव कृपा पाने का यह उत्तम समय होता है।

भगवान शिवशंकर करोड़ों सूर्य के समान दीप्तिमान हैं। जिनके ललाट पर चन्द्रमा शोभायमान है। नीले कण्ठ वाले, अभीष्ट वस्तुओं को देने वाले हैं। तीन नेत्रों वाले यह शिव, काल के भी काल महाकाल हैं। कमल के समान सुन्दर नयनों वाले अक्षमाला और त्रिशूल धारण करने वाले अक्षर-पुरुष हैं। यदि क्रोधित हो जाएं तो त्रिलोक को भस्म करने के शक्ति रखते हैं और यदि किसी पर दया कर दें तो त्रिलोक का स्वामी भी बना सकते हैं। यह भयावह भव सागर पार कराने वाले समर्थ प्रभु हैं। भोले नाथ बहुत ही सरल स्वभाव, सर्वव्यापी और भक्तों से शीघ्र ही प्रसन्न होने वाले देव हैं। उनके सामने मानव क्या दानव भी वरदान मांगने आये तो उसे भी मुंह मांगा वरदान देने में वे पीछे



नहीं हटते हैं।भगवान शिव के प्रति जन-जन की भक्ति और निष्ठा, उनका समर्पण और उनकी स्तुति अनायास नहीं है, बल्कि भक्तों ने शिव की भक्ति में वह सब कुछ पाया है, जो उन्होंने चाहा है। यह उस अनादिअनंत, शांतस्वरूप पुरुषोत्तम शिव की भक्ति और वंदना का ही परिणाम है कि व्यक्ति अपनी परेशानियों, असाध्य बीमारियों से उभरकर स्वस्थ बन जाता है, अपने भौतिक जीवन में हर कामनाओं को पूर्ण होते हुए देखता है। वस्तुतः अपने विरोधियों एवं शत्रुओं को मित्रवत बना लेना ही सच्ची शिवभक्ति है। जिन्हें समाज तिरस्कृत करता है उन्हें शिव गले लगाते हैं। तभी तो भक्त भगवान शिव की शरण आकर निश्चिंत हो जाता है, तभी तो अछूत सर्प उनके गले का हार है। अधम रूपी भूत-पिशाच शिव के साथी एवं गण हैं। शिव सच्चे पतित पावन हैं। उनके इसी स्वभाव के कारण देवताओं के अलावा दानव भी शिव का आदर करते हैं और भक्ति करते हैं। समाज जिनकी उपेक्षा करता है, शंकर उन्हें आमंत्रित करते हैं। ऐसे पालक रुद्रदेव की शरण में भक्त स्वयं को निश्चिंत, सुखी, समृद्ध महसूस करता है।हर व्यक्ति शिव की स्तुति एवं भक्ति करते हुए अपने जीवन को सार्थक मानता हैं, क्योंकि भगवान शिव अपने भक्तों को बहुत फल देने वाले हैं, उनकी हर मनोकामना को पूरा करने वाले हैं। जो अनुपम ऐश्वयर्शाली होते हुए भी गजचमर्धारी हैं, अर्ध शरीर में पत्नी को धारण करने पर भी सांसारिक विषयों से मन को विरक्त किए हुए हैं और यतियों में अग्रगण्य हैं, जो अपने अष्ट रूपों से संपूर्ण जगत का पालन करते हुए अभिमानयुक्त नहीं हैं, निराभिमानी हैं, वे हमें श्रेष्ठ मार्ग को दिखाने के लिए हमारी तामसीवृत्ति को मिटाते हैं, हमारी बुराइयों को दूर करते हैं। भगवान शिव जटारूपी वन से निकलती हुई गंगाजी की गिरती हुई धाराओं से पवित्र किए गले में सर्पों की लटकती हुई विशाल माला को धारण कर, डमरू के डम-डम शब्दों से मंडित प्रचंड तांडव नृत्य कर इस संसार की आसुरी शक्तियों को ललकारते हैं, वे शिव हम सबका कल्याण करते और हमारी जीवन सृष्टि को उन्नत एवं खुशहाल बनाते हैं। भगवान शिव इस संसार के पालनहार हैं, उनके एक हाथ में वर, दूसरे हाथ में अभय, तीसरे हाथ में अमृत कलश और चौथे हाथ में त्रिशुल है। आपकी कृपा चाहने वाले कोई भक्त आपके ह्यवरह्न के पात्र बनें, कोई भक्त ह्यअभयह्न के पात्र बनें और कोई हाथ में स्थित घनीभूत ह्यअमृतह्न के पात्र बनें और ऐसी पात्रता हर शिव भक्त में उमड़े और शिव भक्ति का एक प्रवाह संपूर्ण संसार में प्रवहमान बने, यही इस संसार और सृष्टि का उन्नयन और उत्थान कर सकती है।भारतीय संस्कृति की भांति शिव परिवार में भी समन्वयकारी गुण दृष्टिगोचर होते हैं। वहां जन्मजात विरोधी स्वभाव के प्राणी भी शिव के प्रताप से परस्पर प्रेमपूर्वक निवास करते हैं। शंकर का वाहन बैल है तो पावर्ती का वाहन सिंह, गणेश का वाहन चूहा है तो शिव के गले का हार सर्प एवं कातिर्केय का वाहन मयूर है। ये सभी परस्पर वैरभाव को छोड़ कर सौहार्द एवं सद्भाव से रहते हैं। शिव परिवार का यह आदर्श रूप प्रत्येक परिवार एवं समाज के लिये प्रेरक है। भगवान शिव जन-जन की रक्षा करते हैं, भक्तों की रक्षा करते हैं। वे देवताओं में श्रेष्ठ, सर्वेश्वर, संहारकर्ता, सर्वव्यापक, कल्याणरूप, चंद्रमा के समान शुभ्रवर्ण हैं, जिनकी गोद में पावर्ती, मस्तक पर गंगा, ललाट पर बाल चंद्रमा, कंठ में हलाहल विष और वक्ष स्थल पर सपर्राज शोभित हैं, वे भस्म से विभूषित हैं। जो जगत का भरण करते हैं पर स्वयं भिक्षु हैं, जो सब प्राणियों को निवास देते हैं परंतु स्वयं गृहहीन हैं, जो विश्व को ढकते हैं परंतु स्वयं नग्न हैं। मान्यता है कि भगवान शिव अपने भक्तों की भक्ति को बहुत मान देते हैं। क्षीर समुद्र का दान करने वाले शिव अपने भक्तों द्वारा दिए गए दुग्ध बिंदु को ग्रहण कर लेते हैं। तीन नेत्रों में सूर्य, चंद्र और अग्नि को धारण करते हुए भी आप भक्तों द्वारा दिए गए दीपक को स्वीकार कर लेते हैं। वाणियों के उत्पत्ति स्थान होते हुए भी अज्ञानी भक्तों की वाणियों (स्तुतियों) को सुन लेते हैं। विनीतों, भक्तों के आग्रह से आप क्या-क्या नहीं करते।

गंभीर मुद्दा

मनोज कुमार अग्रवाल

# आईएएस बनने आए थे लेकिन नाकारा सिस्टम ने मौत दी!

**मनोज कुमार अग्रवाल**

देश की राजधानी दिल्ली में एक नामी गिरामी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान के बेसमेंट में अचानक पानी भर जाने से तीन छात्रों की दुःखद मौत जहाँ बेहद हृदयविदारक है, वहीं राजधानी दिल्ली के नाकारा रिश्वतखोर पंगु प्रशासन की धूतर्ता भरी कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान है। जो प्रतिभावान युवा भारतीय प्रशासनिक सेवा में चुन कर आईएस आईपीएस बनकर देश को चलाने वाले सिस्टम का अंग बनने का सपना संजो कर अपने घर परिवार शहर से सैकड़ों हजारों किलोमीटर दूर कोचिंग करने आए थे उनको कोचिंग संस्थानों की अधिकाधिक कमाई करने और सिस्टम की घातक लापरवाही के कारण असमय अपनी जान गंवानी पड़ी। इस हादसे से समूचे देश में विशेष कर छात्रों में आक्रोश और नाराजगी है, क्योंकि यह हादसा बहुत हृदय विदारक व तीन परिवारों को उनके चिरागों को बुझा कर जीवन भर के लिए ऐसे दुख में धकेलने वाला है जिसकी कोई भरपाई नहीं हो सकती है।

कितने शमर्सार करने वाली बात है कि राजधानी दिल्ली के बीचोंबीच जहां कानून व्यवस्था के राज की गारंटी मानी जाती है और देश के दूर दराज के प्रदेशो से हजारों की संख्या में युवा बेहतर कोचिंग संस्थान में पढ़ कर उच्च पदों पर आसीन होने का सपना लेकर आते हैं यहां भारी भरकम फीस चुकाने के बाद भी उन्हें इतना असुरक्षित स्थानों पर पढने और रहने की जगह मुहैया करायी जा रही है जहां कभी अग्निकांड में कभी करंट आने से कभी सीवर के खुले ढक्कन से गिरने से तो अब बेसमेंट में अचानक पानी भर जाने से जान गंवानी पड़ती है। जाहिर है कि बेशक हम विकास के बड़े बड़े दावे करे विदेशी राजनेताओं को दिखाने के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च कर फर्जी सजावट और दिखावा करें लेकिन हकीकत में भ्रष्टाचार से लबरेज सरकारी मशीनरी और लालची कार्पोरेट और बंदरबांट कर रहे राजनीतिक दबंगों के बीच तिरोहित जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। राजेंद्र नगर के कोचिंग संस्थान का हादसा भी इसी सब का एक उदाहरण है। आप को विदित रहे कि 27 जुलाई शनिवार की शाम राजेंद्र नगर के एक कोचिंग सेंटर को लाइब्रेरी में अचानक भारी मात्रा में पानी भर जाने से तीन छात्रों की दर्दनाक मौत हो गई। मरने वालों में 2 छात्राएं और 1 छात्र शामिल है। मृतक छात्रा श्रेया यादव यूपी के अंबेडकर नगर जिले की रहने वाली थी, वहीं तान्या सोनी तेलंगाना की रहने वाली थी। मृतक छात्र की पहचान केरल के एर्नाकुलम निवासी नवीन दल्विन के रुप में हुई है। इस हादसे के बाद एक तरफ जहां राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है, तो दूसरी तरफ दोषारोपण का खेल भी। कुछ राजनेता कोचिंग संस्थान को दोषी ठहरा रहे हैं, तो कुछ दिल्ली सरकार को दोषी मान रहे हैं। हकीकत यह है कि अधिक कमाई के लालच में कोचिंग संस्थान के संचालक बहुत तंग जगहो पर बड़ी संख्या में बच्चों को एडमिशन दे कर नाकारा सिस्टम को चौथ देकर कोचिंग सैंटरल चलाते हैं उनमे से अधिकांश के पास फायर व दूसरे सरकारी विभागों की एनओसी तक नहीं होती है हादसे वाले कोचिंग सेंटर में भी बेसमेंट में लाइब्रेरी और क्लास चलाकर सैकड़ों छात्रों के जीवन से खिलवाड़ की जा रही थी। गौरतलब है कि हर साल हजारों की संख्या में देश भर से छात्र बेहतर एक्सपट्र्स से परिक्षा उपयोगी



गाइडेंस व कोचिंग लेकर देश की तमाम सरकारी नियुक्ति परिक्षाओं की तैयारी के लिए आते हैं । ऐसे में सेलेक्शन और बेहतर भविष्य का सपना आंखों में संजोए छात्र बड़े ही उत्साह से प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रतिष्ठित और बड़े नाम धारी कोचिंग संस्थाओं में एडमीशन भी लेते हैं। इन कोचिंग संस्थानों में एडमिशन के लिए छात्रों से लाखों रुपए फीस ली जाती है।

उन्हें बेहतर पढ़ाई का माहौल सुविधाओं व सलेक्शन का भरोसा दिया जाता है, बावजूद इसके ये संस्थान मूल भूत सुरक्षा संबंधी नियमों की भी उपेक्षा करते हैं। मौजूदा हादसा कोई पहला मामला नहीं है, इसके पहले भी इस तरह की घटनाएं सामने आई हैं।पिछले दिनों 14 अप्रेल को कोटा के एक कोचिंग सेंटर में आग का हादसा हुआ आठ छात्र झुलस गए जबकि एक छात्र चौथी मंजिल से कूद कर जान गंवा दिया। वहीं 24 मई को गुजरात के तक्षशिला अपार्टमेंट में चल रहे एक कोचिंग में आग की घटना में 23 छात्रों की मौत हो गई थी। राजेंद्र नगर के कोचिंग इंस्टीट्यूट में अचानक पानी घुसने का मामला हो या फिर मुखर्जी नगर की कोचिंग में आग लगने का, आए दिन भारी लापरवाही सामने आती है? सवाल है कि बेसमेंट में लाइब्रेरी क्यों बनायी गयी थी और यदि बना भी था, तो आपातकाल में निकलने के लिए रास्ता क्यों नहीं बनाया गया था। आमतौर पर अक्सर दुर्घटना घटित होती है और बच्चों को अपनी जान देकर चुकानी पड़ती है लेकिन कोचिंग संचालकों प्रशासन और सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता है। इस बात पर भी आश्चर्य हो रहा है कि नियम तो कहता है कि किसी भी व्यावसायिक केंद्र के लिए फायर की क्लियरेंस जरूरी है। क्या फायर विभाग के अधिकारियों ने कभी इस इंस्टीट्यूट के भीतर कदम नहीं रखा था। इस हादसे को लेकर दिल्ली सरकार पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप लगाए जा रहे हैं कि नालों की सफाई नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ, क्योंकि एक नाला टूट गया था। ऐसे भी दिल्ली में 10 मिनट की तेज बारिश में सड़कों पर पानी भर जाता है। दिल्ली के कई इलाकों में हर साल पानी भरने की घटनाएं सामने आती रही हैं। जिस क्षेत्र में ये कोचिंग सेंटर है, वहां भी ऐसी शिकायतें आती रही है। फिर भी कोई उपाय क्यों नहीं किया गया। यहां पड़ने वाले छात्रों की मानें तो हर साल बारिश में यहां की सड़क पर घुटनों तक पानी भर जाता है। बावजूद इसके उन्हें कोचिंग जाना पड़ता है। छात्रों ने सवाल उठाए कि यह रूल है बेसमेंट में कोचिंग चल ही नहीं सकती, इसके बाद भी यहां सैकड़ों लाइब्रेरी और कोचिंग बेसमेंट में संचालित हो रहे हैं। आज पानी भरने की घटना से छात्रों की मौत हुई, कल आग या करंट से भी हादसा नहीं हो सकता है इस की क्या गारंटी है? इसलिए जरूरत है कि इस हादसे से सबक लिया जाए और देश के सभी शहरों में तमाम कोचिंग संस्थान के भवनों की भौतिक मजबूती की पड़ताल वहां मूलभूत सुविधाएं पेयजल टायलेट स्वच्छ हवा के साथ आवागमन के लिए पर्याप्त रास्ता आकस्मिक आपदा पर निकासी की व्यवस्था बिजली आग करंट से बचाव के लिए सभी उपाय किए गए हैं या नहीं इन सबकी बाकायदा एनओसी अनिवार्य होनी चाहिए ताकि जानबूझकर अपने सपनों को पूरा करने के लिए कोचिंग संस्थान आने वाले महत्वाकांक्षी प्रतिभाशाली युवाओं को किसी हादसे का शिकार न बनना पड़े। आमतौर पर राजनीतिक दल परस्पर दूसरे सत्ताधारी दल के खिलाफ प्रदर्शन कर अपने दायित्व की पूर्ति करने का नाटक करते हैं लेकिन यह समस्या का स्थाई समाधान नहीं है। सभी राज्यों को अपने जिला प्रशासन को एडवाइजरी जारी कर तमाम कोचिंग संस्थानों, इंजीनियरिंग व मेडिकल कालिजो के क्लास रूम व हास्टल की भी दुर्घटना की दृष्टि से पड़ताल कराने का निर्देश देना चाहिए।

## आज का राशिफल

मेष राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। अपने बिजनेस को बढ़ाने के लिए आपको नये अवसर मिलेंगे। किसी को उधार दिया हुआ पैसा आज आपको अचानक वापस मिल सकता है। व्यापार में किसी व्यक्ति से फायदा मिलने की उम्मीद बढ़ेगी। भाई-बहनों से आपको सहयोग मिलेगा। पहले शुरू किये गये ज्यादातर काम आज पूरे होंगे। रिश्तों में हो रही गलतफहमियां आज खत्म होंगी, जिससे आपके रिश्ते में मिठास बढ़ेगी। साथ ही आज धन लाभ के नए अवसर मिलेंगे।

वृष राशि: आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपकी योजनाओं के अनुसार, सभी काम होने से आपका मन काम में लगा रहेगा। सामाजिक कामों में आपकी रूचि बढ़ सकती है। आपको जीवनसाथी से काम में पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। व्यापार में साझेदारी से आपको लाभ हो सकता है। आप चीजों को बेहतर ढंग से समझने की कोशिश करेंगे। संतान की ओर से सुख मिल सकता है। कोई गोपनीय बात आपको पता चल सकती है।

मिथुन राशि: आज आपका दिन अच्छे मूड से शुरू होने वाला है। कुछ दिनों से चल रही किसी दोस्त से अनबन आज ख़त्म होगी। राजनीति व सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों के लिए दिन फेवरेबल रहेगा। महिलाओं के लिए दिन शानदार रहेगा। बिजनेस मैन आज कोई जरुरी मीटिंग अटेंड कर सकते हैं। आज किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आपको राहत मिलेगी। कुल मिलाकर आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा।

कर्क राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स का दिन राहत भरा होगा नया शेड्यूल बनाने का भी विचार कर सकते हैं। आज ऑफिस में फ़ोन का इस्तेमाल कम से कम करेंगे और अपने काम पर पूरा फोकस करेंगे। पैसों के मामलों में लोगों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा करने से बचना चाहिए। आज जीवनसाथी के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करने का प्लान कर सकते हैं। अगर आपको कोई समस्या है तो जल्द ही उसका समाधान आपको मिल जायेगा।

सिंह राशि: आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपकी पहले से चली आ रही समस्याओं का समाधान मिलेगा, जिससे आपका मन प्रसन्न होगा। परिवार में धार्मिक अनुष्ठान की योजना बन सकती है। आप अपने जीवन को बेहतर बनाने के लिए कुछ अच्छे बदलाव करने की कोशिश करेंगे। आपके व्यवहार में अच्छे बदलाव आने से आपके कुछ नए दोस्त बन सकते हैं। लवमेट आज एक दूसरे के भावनाओं का सम्मान करेंगे, जिससे रिश्ते में मधुरता आयेगी।

कन्या राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको किस्मत का साथ मिलने से कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे। ऑफिस में किसी काम को लेकर विचार-विमर्श करना पड़ सकता है। इस राशि के जो लोग मल्टीनेशनल कंपनी में काम करते हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद खास है। जीवन में चल रही सभी परेशानियां जल्द दूर होगी। इस राशि की जो महिलाएं बिजनेस स्टार्ट करना चाहती हैं, उनके लिए आज अच्छे योग बन रहे हैं।

तुला राशि: आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आज बिजनेस में आपको बड़ा धन लाभ होगा। शत्रु पक्ष आज आपसे दूरियां बनाकर रहेंगे। राइटर आज कोई नई स्टोरी लिख सकते हैं जिसे लोगों द्वारा खूब पसंद किया जायेगा। परिवार में नए सदस्य के जुड़ने से सभी लोग बहुत खुश होंगे। इस राशि के जो लोग पेंटिंग्स बनाने का काम करते हैं उनकी कोई पेंटिंग बड़े एक्सिबिसन में लगाई जा सकती है जहाँ लोगों द्वारा खूब सराहना मिलेगी।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिए आप बाहर जा रहे हैं, तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं। आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को तरक्की का अच्छा अवसर मिलेगा। कूरियर का बिज़नेस कर रहे कारोबारियों को आज फायदा होगा। मेहनत और लगन देखकर आज आपके जूनियर आपसे कुछ नया सीखने की कोशिश करेंगे। आपको तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए इससे आप स्वास्थ्य समस्या से दूर रहेंगे।

धनु राशि: आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आप अपने मन की बात किसी खास मित्र से शेयर करेंगे। परिवार वालों के साथ बाहर मूवी का प्लान बन सकता है। दोस्त की बर्थ-डे पार्टी मे जाएंगे जहां बाकी दोस्तों के साथ एंजॉय करने का मौका मिलेगा। कोई नई स्किल सीख सकते हैं जिसका लाभ आपको भविष्य में जरूर मिलेगा। आज आप आर्थिक मामलो मे किसी एक्सपर्ट से सलाह लेंगे, यह सलाह मददगार साबित होगी। ऑफिस में रुके हुए काम को समय से पूरा कर लेंगे।

मकर राशि: आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। एकाग्र मन से किया गया काम लाभदायक साबित होगा। लवमेट के लिए आज का दिन बढ़िया है। साथ ही किसी अच्छे रेस्टोरेन्ट में भी जा सकते हैं। किसी जिम्मेदारी को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए। आपकी सेहत ठीक-ठाक रहेगी। आप कम से कम समय में काम निपटाने की कोशिश करेंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभाएंगे। जो लोग रियल स्टेट का बिजनेस कर रहे हैं वो लोग नया हाउसिंग प्रोजेक्ट लांच कर सकते हैं।

कुंभ राशि: आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आप परिवार वालों के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे साथ ही जीवनसाथी के साथ आपकी लंबी बातचीत हो सकती है, इससे आपके रिश्ते बेहतर होंगे। दोस्तों के साथ घर पर ही मूवी देखने की प्लानिंग कर सकते हैं। किसी खास काम में आपको सफलता मिलेगी साथ ही साथ आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। आज आपको माता-पिता का मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

मीन राशि: आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आपका अच्छा व्यवहार समाज में अलग पहचान बनाने में मदद करेगा। घर पर डेकोरेशन का काम करवा सकते हैं। कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए आज का दिन धन लाभ देने वाला है। आज अपने डेली रूटीन में कुछ बदलाव कर सकते हैं। किसी काम को करने का नया तरीका बिज़नस मे फायदा करायेगा। राजनीति में आपके अच्छे कार्यों की तारीफ होगी। पारिवारिक माहौल शानदार रहने वाला है।

## क्या अकेले रहने से डिप्रेशन में जाने का खतरा ज्यादा होता है?

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में कई लोग अकेले रहना पसंद करते हैं या उन्हें अकेले रहना पड़ता है. अकेले रहने से आपको आजादी और शांति मिलती है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इसका आपकी मेंटल हेल्थ पर क्या असर पड़ सकता है? अकेलापन और डिप्रेशन के बीच क्या संबंध है? अकेले रहना क्या सच में डिप्रेशन का खतरा बढ़ा सकता है? आज हम जानेंगे कि अकेले रहने का हमारे मेंटल हेल्थ पर क्या प्रभाव पड़ता है और एक्सपर्ट्स इस बारे में क्या सलाह देते हैं. आइए जानते हैं.

**अकेलापन और मेंटल हेल्थ**-अकेले रहना कभी-कभी अच्छा लगता है क्योंकि इससे हमें अपनी आजादी मिलती है और हम अपने हिसाब से जिंदगी जी सकते हैं. लेकिन अगर आप लंबे समय तक अकेले रहते हैं, तो इससे आपकी मानसिक सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है. अकेलेपन से आपको उदासी, तनाव और चिंता महसूस हो सकती है. लंबे समय तक अकेलापन रहने से डिप्रेशन का खतरा बढ़ जाता है. इसलिए, अपने दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताएं और नई एक्टिविटी में शामिल हों ताकि आपका मेंटल हेल्थ बेहतर बना रहे.

**अकेलापन और डिप्रेशन**-जब हम अकेले होते हैं, तो हमारे पास किसी से बात करने और अपने विचार साझा करने का मौका कम हो जाता है. इससे हम उदास और अकेलापन महसूस करने लगते हैं. लंबे समय तक अकेलापन बना रहे, तो यह डिप्रेशन का कारण बन सकता है. अकेलेपन से तनाव और चिंता भी बढ़ सकती है, जिससे डिप्रेशन का खतरा और ज्यादा हो जाता है.

**सामाजिक होने के फायदे** -सामाजिक संपर्क हमारे मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है. दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताने से हमें खुशी मिलती है और तनाव कम होता है. जब हम अकेले होते हैं, तो यह सामाजिक संपर्क कम हो जाता है, जिससे डिप्रेशन का खतरा बढ़ सकता है.

**एक्सपर्ट की राय**

* समय-समय पर दोस्तों और परिवार से मिलें: अपने दोस्तों और परिवार के साथ समय बिताएं. इससे आपको भावनात्मक समर्थन मिलेगा और आप अकेला महसूस नहीं करेंगे.
* नई गतिविधियों में शामिल हों: कोई नया शौक अपनाएं या किसी क्लब में शामिल हों। इससे आपकी सामाजिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी और आप नए लोगों से मिलेंगे।
* पेशेवर मदद लें: अगर आपको लगता है कि आप डिप्रेशन में जा रहे हैं, तो किसी मनोवैज्ञानिक या मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से सलाह लें.

**डिप्रेशन का लक्षण**


* लगातार उदासी: व्यक्ति हर समय उदास और निराश महसूस करता है.
* रुचि खो देना: पहले जिन चीजों में आनंद आता था, उनमें अब कोई रुचि नहीं रहती.
* थकान और ऊर्जा की कमी: व्यक्ति हमेशा थका-थका और ऊर्जा हीन महसूस करता है.
* नींद की समस्या: बहुत ज्यादा सोना या बहुत कम सोना.
* भूख में बदलाव: भूख कम हो जाना या बहुत ज्यादा खाना.
* ध्यान केंद्रित करने में मुश्किल: काम या पढ़ाई में ध्यान नहीं लगता.
* आत्मविश्वास की कमी: खुद को बेकार या नाकाम समझना.
* चिड़चिड़ापन: छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आना या चिड़चिड़ापन महसूस करना.
* शारीरिक समस्याएं: सिरदर्द, पेट दर्द या अन्य शारीरिक समस्याएं जिनका कोई स्पष्ट कारण न हो.



## भूस्खलन से तबाही में 156 लोगों की मौत, मलयालम इंडस्ट्री ने टाली फिल्म रिलीज

केरल के वायनाड में जो आपदा आई है, उसके चलते अबतक 156 लोगों की मौत हो चुकी है. दरअसल, 30 जुलाई की सुबह 4 घंटे के बीच मेप्पादी के पास पहाड़ी इलाकों में तीन भूस्खलन हुए, जिससे मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में तबाही मच गई. सैकड़ों लोग चालियार नदी में बह गए. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 180 से अधिक लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है. सेना और एनडीआरएफ समेत राज्य सरकार की एजेंसियां रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही हैं. अगला एक हफ्ता अभी भी खतरनाक बताया जा रहा है. सेना और एनडीआरएफ तो ऐसे समय में लोगों की मदद के लिए आगे आई है. साथ ही मलयालम फिल्म इंडस्ट्री ने भी मदद का हाथ आगे बढ़ाया है. जिन भी लोगों ने इस आपदा में अपनी जान गंवाई है, फिल्म इंडस्ट्री ने उनके लिए एक मिनट का मौन रखा. साथ ही फिल्म रिलीज और मेजर इवेंट्स को पोस्टपोन कर दिया है. 'फुटेज' फिल्म जो साय्जू श्रीधरण ने बनाई है, इस थ्रिलर फिल्म की रिलीज डेट को पोस्टपोन कर दिया गया है. हालांकि, अबतक ये नहीं बताया कि इसे कब रिलीज किया जाएगा. फिल्म मेकर्स ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- वायनाड के लोगों के साथ हमारी दुआएं हैं. फिल्म 'फुटेज', 2 अगस्त को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब वो नहीं होगी. इसे किसी और दिन रिलीज करेंगे. अभी के लिए इसकी रिलीज को पोस्टपोन कर दिया है. बता दें कि फिल्म में गायत्री अशोक, विशाक नायर और मंजू वॉरियर लीड रोल में नजर आने वाले हैं. इसके अलावा टोवीनो थॉमस की बड़े बजट में बनी फिल्म Ajayante Randam Moshanam की रिलीज को भी रीशेड्यूल कर दिया गया है. इस फिल्म का निर्देशन जितिन लाल ने संभाला है. मेकर्स ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा- वायनाड में जो आपदा आई है, उसे देखते हुए हमने जो 31 जुलाई को अपडेट देना था, वो अब नहीं देंगे. फिल्म की अपडेट को पोस्टपोन कर दिया गया है. The South Indian Film Academy ने भी अपनी फिल्म Vidyarambham को पोस्टपोन कर दिया है.

## एनटीआर जूनियर ने किया खुलासा, प्रभास ने उन्हें 'पागल व्यक्ति' कहा




**मुंबई** : तेलुगु सुपरस्टार एनटीआर जूनियर ने कहा है कि उनके 'आरआरआर' निर्देशक एस.एस. राजामौली एक "शानदार" अभिनेता हैं, और अक्सर अपने अभिनेताओं को दृश्यों के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें अभिनय करवाते थे।

एनटीआर जूनियर ने आगामी डॉक्यूमेंट्री 'मॉडर्न मास्टर्सः एस.एस. राजामौली' में यह खुलासा किया, जो राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्म निर्माता पर आधारित है। इस बारे में बात करते हुए, एनटीआर जूनियर ने कहाः "हां बिल्कुल। और वह एक शानदार अभिनेता हैं। वह कभी भी कैमरे के सामने नहीं आना चाहते हैं, लेकिन वह एक शानदार अभिनेता हैं। वह आज भारत में उन कुछ निर्देशकों में से एक हैं जो वास्तव में आपको वह दिखा सकते हैं जो वह बता रहे हैं। आप जानते हैं, आप उत्साहित हैं, आपकी एकाग्रता का स्तर बहुत ऊपर है। आपके चेहरे पर ये भाव बिना जाने ही आ जाते हैं।" एनटीआर जूनियर के 'आरआरआर' के सह-कलाकार राम चरण ने भी राजामौली के साथ अपनी पहली फिल्म 'मगधीरा' में एस.एस. राजामौली के साथ काम करने के अपने अनुभव को याद किया।

अभिनेता ने साझा किया कि राजामौली एक दिन लॉन में उनके साथ बैठे और पूछाः "आप किसमें अच्छे हैं? आपने क्या सीखा है? आपने कौन सी मार्शल आर्ट की है? आपने किस तरह की ट्रेनिंग ली है? मुझे लगता है कि आपने पहले घुड़सवारी की है?" वह जितना संभव हो सके, राम चरण की सभी क्षमताओं को समझने की कोशिश कर रहे थे और यह भी कि उन्हें क्या करना पसंद है। अभिनेता ने कहाः "उस दिन लॉन में मैंने जिन-जिन क्षमताओं के बारे में बात की, वे सभी मगधीरा में थीं (एक निर्देशक के तौर पर) वह आपको आपकी क्षमता से परे, उस उपलब्धि को हासिल करने की आपकी क्षमता से परे धकेलेंगे। वह आपको बिल्कुल नए तरीके से खुद से परिचित कराएंगे।" प्रभास ने 'बाहुबली' के सेट पर राजामौली के अपनी फिल्मों के प्रति समर्पण को याद किया।

उन्होंने कहाः "जब हम महाबलेश्वर में शूटिंग कर रहे थे, तो उन्होंने अभिनेताओं और खुद के लिए एक बढ़िया होटल दिया था, राजामौली कहीं और ठहरे हुए थे। मैंने उनसे कहा, 'हमारे साथ रहो, यह होटल काफी अच्छा है', उन्होंने जोर देकर कहा, 'नहीं-नहीं, मैं बजट बचाना चाहता हूँ।' इसलिए वे किसी बेवक़ूफ़ होटल में रुके जहाँ साफ़ बाथरूम और सब कुछ नहीं था। मैं ऐसे किसी व्यक्ति से कभी नहीं मिला। वह एक पागल व्यक्ति है, बस इतना ही। केवल वही 'बाहुबली' बना सकते थे।"


एप्लॉज एंटरटेनमेंट और फिल्म कंपेनियन स्टूडियो द्वारा निर्मित, 'मॉडर्न मास्टर्सः एस. एस. राजामौली' 2 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी।

### जेम्स गन ने 'सुपरमैन' की शूटिंग पूरी होने की घोषणा की




**लॉस एंजिल्स** : जेम्स गन द्वारा निर्देशित आगामी डीसी फिल्म 'सुपरमैन' की शूटिंग पूरी हो गई है। लेखक-निर्देशक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शूटिंग पूरी होने की घोषणा की।उन्होंने लिखा, 'और यह पूरी हो गई। भगवान हमारे कलाकारों और क्रू को आशीर्वाद दें, जिनकी प्रतिबद्धता, रचनात्मकता और कड़ी मेहनत ने इस प्रोजेक्ट को जीवंत किया है। मैंने एक ऐसी दुनिया में एक अच्छे इंसान के बारे में फिल्म बनाने का लक्ष्य रखा, जो हमेशा इतनी अच्छी नहीं होती। और सेट पर रोजाना मिलने वाली अच्छाई, दयालुता और प्यार ने मुझे प्रेरित किया और मुझे आगे बढ़ाया, जब मुझे लगा कि मैं खुद से आगे नहीं बढ़ सकता,' वैराइटी की रिपोर्ट।उन्होंने आगे कहा, 'आप सभी का तहे दिल से शुक्रिया। यह मेरे लिए सम्मान की बात है। मंजिल सुपरमैन रही है, लेकिन यात्रा मेहनत, हंसी, भावनाएं, विचार और जादू रही है जिसे हमने सेट पर साथ मिलकर साझा किया है - और इसके लिए मैं हमेशा आभारी रहूंगा।'

### यहां चमचमाती ट्रॉफी पर पहली नजर



**मुंबई** : बिग बॉस ओटीटी सीजन 3 कौन जीतेगा, यह जानने के लिए हमें दो दिन और इंतजार करना होगा। रूबक्श कटारिया और अरमान मलिक को बाहर करने के बाद, निर्माताओं को आखिरकार इस सीजन के लिए शीर्ष पांच फाइनलिस्ट मिल गए हैं। बिग बॉस ओटीटी 3 के शीर्ष पांच फाइनलिस्ट हैंः कृतिका मलिक, सना मकबुल, रणवीर शौरी, साई केतन राव और रैपर नेज़ी। पिछले डेढ़ महीने से जियो सिनेमाज में मनोरंजन कर रहे शो का ग्रैंड फिनाले इस शुक्रवार को होने वाला है। यह जानकारी पिछले हफ्ते शो के होस्ट अनिल कपूर का वार ने फैन्स के साथ शेयर की थी। लेकिन ग्रैंड फिनाले से दो दिन पहले मेकर्स ने इस सीजन की ट्रॉफी पर भी नजर डाल दी है. इस विवादास्पद रियलिटी शो के निर्माताओं ने हमेशा दर्शकों को हर साल कुछ अलग पेश करने की कोशिश की है। उन्होंने बिग बॉस ओटीटी 3 में भी कुछ अलग किया। अगले कुछ दिनों में हमें पता चल जाएगा कि पांच प्रतिभागियों में से कौन ट्रॉफी घर ले जाएगा। जियो सिनेमा ने हाल ही में अपने यूट्यूब अकाउंट पर इस अवॉर्ड का एक वीडियो शेयर किया है। इस सीज़न की ट्रॉफी सोने से बनी है और इसमें एक व्यक्ति को चेहरे पर मास्क लगाए सिंहासन पर बैठा दिखाया गया है। ये प्रोमो रबेश कटारिया और अरमान मलिक के आउट होने से पहले बनाया गया था. यह एपिसोड आज प्रसारित होता है। बिग बॉस के निर्माताओं को पुरस्कार की झलक तो मिल गई थी लेकिन विजेता के स्टार चिन्ह को गुप्त रखा गया था।

## हंसल मेहता का बड़ा दावा, बोले- आधार कार्ड ऑफिस में बेटी को किया जा रहा परेशान



**मुंबई** : निर्देशक हंसल मेहता की बेटी को अपना आधार कार्ड बनवाने के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ रहा है। यह दावा खुद निर्देशक ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए किया है। हंसल ने 31 जुलाई को एक्स पर नाराजगी जताते हुए बताया कि उनकी बेटी प्रक्रिया पूरी करने की उम्मीद में मुंबई में आधार कार्ड कार्यालय का बार-बार चक्कर लगा रही है, लेकिन किसी न किसी कारण से वरिष्ठ प्रबंधक उसे वापस भेज दे रहे हैं। फिल्मकार ने कहा कि यह पिछले तीन सप्ताह से चल रहा है। साथ ही, उन्होंने इसे उत्पीड़न करार दिया।

**हंसल ने जताई नाराजगी**

हंसल ने एक्स पर लिखा, 'मेरी बेटी पिछले तीन हफ्तों से आधार कार्ड के लिए आवेदन करने की कोशिश कर रही है। वह बारिश में अंधेरी ईस्ट में आधार कार्यालय तक लंबी यात्रा करती है, लेकिन वहां के वरिष्ठ प्रबंधक उसे किसी न किसी बहाने से वापस भेज देते हैं। उससे कहा जाता है कि इस पर हस्ताक्षर करवाओ, यह दस्तावेज ले आओ, मुहर सही जगह पर नहीं है, आज तुम्हारा अपॉइंटमेंट नहीं है, मैं एक हफ्ते की छुट्टी पर हूं... यह बहुत निराशाजनक है और यह उत्पीड़न से कम नहीं है'।


**यूआईडीएआई ने दिया जवाब**

उन्होंने इस पोस्ट में सीईओ यूआईडीएआई के कार्यालय और यूआईडीएआई हैंडल को भी टैग किया। इस यूआईडीएआई हैंडल ने एक स्वचालित संदेश के साथ जवाब दिया। पोस्ट में लिखा था, 'प्रिय आधार नंबर धारक, कृपया आधार केंद्र का पूरा पता साझा करें जहां आप इस समस्या का सामना कर रहे हैं और साथ ही अपने संपर्क विवरण सीधे मैसेज के माध्यम से साझा करें और हम आपकी आगे की मदद करेंगे।' इसके बाद हंसल ने पुष्टि की कि उन्होंने उन्हें डीएम किया है।

**हंसल की हैं दो बेटियां**

हंसल की पत्नी सफीना हुसैन से उनकी दो बेटियां, किमाया और रेहाना है। उनकी पहली शादी से उनके दो बेटे जय और पल्लव भी हैं। जय ने हाल ही में बतौर फिल्म निर्माता अपनी शुरुआत की है। वह स्कैम 1992: द हर्षद मेहता स्टोरी के सह-निर्देशक थे और लुटेरे के दो एपिसोड का निर्देशन कर चुके हैं।

### ऐश्वर्या राय अभिषेक बच्चन के बिना न्यूयॉर्क में मना रही छुट्टियां



**मुंबई** : बॉलीवुड अभिनेत्री ऐश्वर्या राय बच्चन इन दिनों न्यूयॉर्क में छुट्टियां मना रही हैं। अपने पति और अभिनेता अभिषेक बच्चन से तलाक की खबरों के बीच ऐश्वर्या राय अपनी बेटी आराध्या बच्चन के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। अब ऐश्वर्या की एक तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई है, जिसमें वह एक उभरती हुई अभिनेत्री के साथ पोज देती नजर आ रही हैं। मंगलवार (30 जुलाई) को इस प्रशंसक ने ऐश्वर्या के साथ एक तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की। फोटो में दोनों एक रेस्टोरेंट जैसी जगह पर पोज देते नजर आ रहे हैं।ऐश्वर्या हमेशा की तरह ब्लैक और रेड आउटफिट में बेहद खूबसूरत लग रही हैं। सेल्फी लेते समय वह मुस्कुराती नजर आईं। हालांकि, तस्वीर में आराध्या नजर नहीं आ रही हैं।इसके साथ ही प्रशंसक ने ऐश्वर्या के साथ एक और थ्रोबैक फोटो शेयर की। 'एक ही जीवन में दो बार अपने आदर्श से मिलना ग्रिड पर एक स्थान पाने का हकदार है मुझे मेरे सबसे बेकाबू रूप में देखने के लिए स्वाइप करें ऐश, हमेशा मेरे प्रति इतनी दयालु होने के लिए धन्यवाद। जब मैंने आपको मेरे जीवन में आपके प्रभाव के बारे में बताया तो आपने बहुत ध्यान से सुना।

## प्रोटीन सलाद , इस तरह से करें तैयार

**प्रोटीन सलाद** : वजन घटाने के लिए लोग न जाने कितने जतन करते हैं. कभी एक्सरसाइज तो कभी इंटरमिटेंट फास्टिंग के जरिए वो अपनी चर्बी को गलाना चाहते हैं, लेकिन कई बार वो इसमें सफल नहीं हो पाते हैं. अपने पंसदीदा खाने को भी खाना छोड़ देते हैं. इससे उन्हें कमजोरी भी महसूस होती है, लेकिन उनके पास खाने के लिए कुछ हेल्दी ऑप्शन नहीं होते हैं. तो आज हम आपके लिए इस परेशानी का हल लेकर आए हैं. सलाद से अगर दिन की शुरुआत हो तो इससे अच्छी कोई बात नहीं हो सकती है. सलाद हमारे शरीर को पोषण देता है. सलाद कई तरह से बनाया जाता है. प्रोटीन रिच सलाद खाने से शरीर दिनभर एनर्जेटिक बना रहता है. अगर ब्रेकफास्ट में हेल्दी फूड खाना पसंद करते हैं तो प्रोटीन सलाद एक बढ़िया विकल्प हो सकता है.

प्रोटीन सलाद बनाने के लिए सामग्री

मूंग स्प्राउट्स – 2 कप
मूंग बीन्स स्प्राउट्स – 1/4 कप
भुना टोफू – 1/2 कप
पनीर के टुकड़े – 1/2 कप




प्याज कटा – 1/2
ककड़ी – 1
टमाटर – 3
कैप्सिकम – 1/2
हरी मिर्च कटी – 2
सलाद पत्तियां – 1/2 कप
नींबू – 1
काली मिर्च – 1 चुटकी
मिक्स्ड हर्ब्स – 1/4 टी स्पून
लहसुन पेस्ट – 1/2 टी स्पून
लेटुस – 1/4 कप
नमक – स्वादानुसार

ऐसे बनाएं प्रोटीन सलाद

प्रोटीन सलाद बनाने के लिए सबसे पहले एक बड़ी मिक्सिंग बाउल लें. उसमें 2 कप मूंग स्प्राउट्स डाल दें. इसमें पनीर के टुकड़े डालकर तीनों को अच्छी तरह से मिक्स कर लें. अब प्याज, ककड़ी, टमाटर, शिमला मिर्च और हरी मिर्च के बारीक-बारीक टुकड़े करें और इन सभी सामग्रियों को भी मिक्सिंग बाउल में डालकर अच्छी तरह से मिला लें. अब एक कटोरी में लहसुन पेस्ट, मिक्स्ड हर्ब्स, एक चुटकी काली मिर्च और नींबू रस और नमक को डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें. इस मिश्रण को मिक्सिंग बाउल के मिश्रण में डालकर सभी को अच्छी तरह से आपस में मिला लें. अब इसमें सलाद पत्तियां, मूंग बीन्स स्प्राउट्स और लेटुस डालकर सभी मिलाएं. आखिर में प्रोटीन सलाद में भुने हुए टोफू को टॉप करें. सलाद तैयार है

**विविध**

## मानसून की इन बीमारियों से रहें सुरक्षित



**नई दिल्ली** : देश के कई हिस्सों में इस समय भारी बारिश हो रही है। केरल से लेकर कर्नाटक और गुजरात तक, आईएमडी ने चेतावनी जारी की है। केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन हुआ, जिससे कई लोगों की मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। जब हम इस मुश्किल समय से गुज़र रहे हैं, तो यह याद रखना ज़रूरी है कि भारी बारिश वाले इलाके कई जलजनित बीमारियों के पनपने के मैदान हैं। कर्नाटक में पिछले कुछ महीनों में डेंगू और जीका वायरस के कई मामले सामने आए हैं। केरल में इस क्रूर मस्तिष्क-खाने वाले बैक्टीरिया के कारण कई लोगों की जान चली गई। यहाँ कुछ ऐसी बीमारियाँ बताई गई हैं, जिनके बारे में हमें पता होना चाहिए और सुरक्षित रहने के लिए ज़रूरी सावधानी बरतनी चाहिए।

**डेंगू** : स्थिर पानी मच्छरों के पनपने का मैदान है, जो कई बीमारियों का कारण बन सकता है। डेंगू उनमें से एक है - इसके शुरुआती लक्षण मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, सिरदर्द और बुखार हैं। बारिश के बाद, कई जगहों पर पानी जमा हो जाता है, जिसका तुरंत ध्यान रखना चाहिए।

**हैजा** : हैजा एक जलजनित बीमारी है, जो दूषित पानी के सेवन से होती है। भारी बारिश के कारण, स्वच्छता और सफाई पर असर पड़ सकता है, जिससे हैजा हो सकता है। सूखी श्लेष्मा झिल्ली, तेज़ हृदय गति और निम्न रक्तचाप ऐसे शुरुआती लक्षण हैं जिन पर ध्यान देना चाहिए।

**टाइफ़ाइड** : टाइफाइड भी मानसून से संबंधित जलजनित बीमारी है जो दूषित पानी के कारण होती है। लंबे समय तक तेज बुखार, कब्ज, पेट दर्द और उल्टी टाइफाइड के शुरुआती लक्षण हैं जिनके लिए तुरंत चिकित्सा हस्तक्षेप की आवश्यकता होती है। वायरल

**बुखार** : जबकि वायरल बुखार पूरे वर्ष के दौरान आम है और मौसम में बदलाव के कारण भी हो सकता है, मानसून के मौसम में लोगों में वायरल बुखार अधिक पाया जाता है। बुखार, थकान, ठंड लगना, शरीर में दर्द और कमजोरी इसके शुरुआती लक्षण हैं जिन पर ध्यान देना चाहिए।

**डायरिया** : डायरिया एक बहुत ही आम मानसून रोग है जो प्रदूषित पानी और दूषित खाद्य पदार्थों के सेवन से होता है। यह हल्के स्तर से लेकर जानलेवा चरणों तक हो सकता है। पानी जैसा मल, पेट में ऐंठन, खूनी मल और मतली डायरिया के सामान्य लक्षण हैं।

## ताजगी भरी खुशबू माइंड रिलैक्स करने के साथ प्रोडक्टिविटी बढ़ाने का भी करती है काम



**खुशबू में एक अलग ही तरह का जादू होता है। जो मिनटों में आपके मूड को खुशनुमा बना सकती है दिमाग को रिलैक्स कर सकती है और आपके काम करने की क्षमता में भी इजाफा कर सकती है। कुछ खास तरह की खुशबू जैसे- पेपरमिंट और यूकेलिप्टस तो माइग्रेन और बंद नाक की भी समस्या दूर करने का काम करते हैं।**

